दैनिक
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018

# नवयत्न

खबरें सड़क से संसद तक

वर्ष: 17 | अंक 141 | सीकर, सोमवार 20 जुलाई 2026 | Email : navyatndainik@gmail.com | मूल्य 1 रुपया | पृष्ठ 8

## राजस्थान में फिर बरसेंगे बादल! 20 जुलाई से मानसून पकड़ेगा रफ्तार

# जयपुर-सीकर समेत 10 जिलों में बारिश का अलर्ट



जयपुर।

राजस्थान में मानसून की रफ्तार फिलहाल थोड़ी कमजोर बनी हुई है, लेकिन कई जिलों में मौसम बदलने के संकेत मिल रहे हैं. मौसम विभाग के अनुसार 19 जुलाई की शाम के बाद प्रदेश के कई हिस्सों में बादल गरजने, तेज हवाएं चलने और हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है. वहीं आने वाले दिनों में मानसून फिर सक्रिय होने के संकेत हैं. पूर्वी राजस्थान के कुछ संभागों में 22 जुलाई से बारिश की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने की संभावना जताई गई है.

### इन जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी

मौसम विभाग के अनुसार 19 जुलाई को झुंझुनू, सीकर, अलवर, कोटपूतली-बहरोड़, जयपुर, दौसा, करौली, टोंक, बूंदी और अजमेर जिलों में मौसम बदल सकता है. इन इलाकों में कहीं-कहीं हल्की से मध्यम मेघगर्जन के साथ बारिश होने की संभावना है. इसके साथ ही 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से अचानक तेज हवाएं चल सकती हैं. हालांकि फिलहाल किसी भी जिले में रेड अलर्ट जारी नहीं किया गया है, लेकिन मौसम विभाग ने सतर्क रहने की सलाह दी है.

### कमजोर पड़ा कम दबाव का क्षेत्र, मानसून ट्रफ सक्रिय

मौसम विभाग के अनुसार पूर्वी भारत के ऊपर बना कम दबाव का क्षेत्र अब कमजोर होकर परिसंचरण तंत्र में बदल चुका है. वहीं मानसून ट्रफ लाइन अमृतसर, करनाल, वाराणसी और रांची से होकर गुजर रही है. इसके असर से राजस्थान में फिलहाल मानसून की स्थिति कमजोर बनी हुई है. पूर्वी राजस्थान के अधिकतर इलाकों में अगले एक से दो दिन तक इसी तरह की स्थिति रहने की संभावना है.

### 20 जुलाई को कैसा रहेगा राजस्थान का मौसम

20 जुलाई को भी राजस्थान के कई हिस्सों में बादलों की आवाजाही बनी रह सकती है. पूर्वी राजस्थान के कुछ जिलों में हल्की बारिश और मेघगर्जन की संभावना है. हालांकि बड़ी बारिश के लिए अभी थोड़ा इंतजार करना पड़ सकता है. मौसम विभाग के अनुसार 22 जुलाई से कोटा, भरतपुर, जयपुर, अजमेर और उदयपुर संभाग के कुछ हिस्सों में बारिश की गतिविधियां बढ़ने की संभावना है. इस दौरान कहीं-कहीं मध्यम से तेज बारिश भी हो सकती है.

### पिछले 24 घंटे में पूर्वी राजस्थान में हुई बारिश

राजस्थान में पिछले 24 घंटों के दौरान पूर्वी हिस्सों में कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई है, जबकि पश्चिमी राजस्थान के अधिकतर इलाकों में मौसम मुख्य रूप से शुष्क रहा. सबसे ज्यादा बारिश करौली के सपोर्टरा क्षेत्र में 18 मिलीमीटर दर्ज की गई. वहीं तापमान की बात करें तो प्रदेश में सबसे अधिक अधिकतम तापमान श्रीगंगानगर में 42.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया. दूसरी ओर सबसे कम न्यूनतम तापमान सिरोही में 21.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ.

## जम्मू के पुंछ-किश्तवाड़ में बादल फटे, 11 मौतें

### मलबे से 2 साल के मासूम का शव निकाला; नगालैंड की लैंडस्लाइड में 8 की मौत



**नई दिल्ली/जयपुर/भोपाल/पटना।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ और किश्तवाड़ में शनिवार रात बादल फट गए। बाढ़-लैंडस्लाइड में अब तक 11 लोगों की मौत हो गई है। पुंछ के सुरनकोट में लैंडस्लाइड से एक मकान मलबे में दब गया। उस वक्त घर में 8 लोग थे। इनमें 2 साल के बच्चे समेत 5 लोगों के शव बरामद किए गए। किश्तवाड़ के सुर्नू इलाके में बादल फटने से लोगों के घरों और खेतों को नुकसान पहुंचा। राजौरी में भी भारी बारिश के बाद धारहाल नदी का जलस्तर बढ़ गया। करीब 200 से 250 गाड़ियां बह गईं। उत्तराखंड में शनिवार को लैंडस्लाइड के बाद केदारनाथ यात्रा के रूट पर घोड़े- खच्चरों की सेवाएं रोक दी गईं और कैलाश-मानसरोवर यात्रियों का एक जत्था भी रुक गया। इधर, नगालैंड के मोन इलाके में हुई लैंडस्लाइड के बाद हृष्ठक्रन्न की टीमों ने मलबे से 8 शव निकाल लिए हैं, जबकि कुछ और लोगों के दबे होने की आशंका है।

### अरुणाचल में बाढ़ से डेढ़ लाख प्रभावित

अरुणाचल में बाढ़ और भूस्खलन के इस दौर में अब तक सात लोगों की मौत हो चुकी है, 29 लोग घायल हुए हैं और 1,49,257 लोग प्रभावित हुए हैं। मानसून की मार से कुल 26 जिले, 328 सर्कल और 576 गांव प्रभावित हुए हैं। इधर, पिथौरागढ़ में, कैलाश-मानसरोवर यात्रा का चौथा जत्था, जिसमें 50 तीर्थयात्री शामिल हैं धारचूला बेस कैंप में रोक दिया गया है। बेस कैंप के इंचार्ज धन सिंह बिष्ट ने बताया कि गरबाधार में भूस्खलन के कारण गुंजी जाने वाला रास्ता बंद हो गया है।

## ईरान बोला- अमेरिका का एमक्यू-9 ड्रोन मार गिराया

### वीडियो भी जारी किया; यूएस ने लगातार 8वीं रात तेहरान पर बम बरसाए



तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी।

ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने दावा किया है कि उसने खुजेस्तान प्रांत के अहवाज में अमेरिकी एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को इंटरसेप्ट कर मार गिराया। ईरानी सरकारी मीडिया ने ड्रोन गिराने का वीडियो भी जारी किया है। आईआरजीसी के मुताबिक, उसने अपने नए डिफेंस सिस्टम से ड्रोन को निशाना बनाया। हालांकि अमेरिका ने अब तक न तो ड्रोन गिराए जाने के दावे की पुष्टि की है और न ही जारी वीडियो पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया दी है।

एमक्यू-9 रीपर अमेरिकी सेना का अत्याधुनिक मानव रहित ड्रोन है, जिसका इस्तेमाल निगरानी, खुफिया जानकारी जुटाने और सटीक हवाई हमलों के लिए किया जाता है।

दूसरी ओर, अमेरिकी सेना ने कहा है कि उसने लगातार आठवीं रात ईरान के खिलाफ हवाई हमले किए। इससे पहले अमेरिका ने जानकारी दी थी कि जॉर्डन में ईरान के मिसाइल हमले में दो अमेरिकी सैनिकों की मौत हुई, जबकि एक सैनिक लापता है।

## प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अग्रणी राष्ट्र बन रहा भारत

# धार्मिक स्थलों के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही राज्य सरकार : मुख्यमंत्री शर्मा

जयपुर।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को जयपुर के बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित भव्य हनुमान कथा का श्रद्धापूर्वक श्रवण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वामी गोविन्द देव गिरी जी महाराज जैसे संतों के सान्निध्य में होने वाले धार्मिक आयोजन समाज में सकारात्मकता और उच्च संस्कारों का संचार करते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश आज अमृत काल में है और दुनिया के अग्रणी राष्ट्रों के रूप में उभर रहा है। स्वामी विवेकानंद जी ने जिस सांस्कृतिक वैभव का सपना देखा था, आज हमारी संस्कृति उसी रूप में पूरी दुनिया में अपनी पहचान बना रही है। उन्होंने कहा कि भव्य राम मंदिर का निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, महाकाल लोक और बद्रीनाथ-केदारनाथ धाम का जीर्णोद्धार नए भारत की सांस्कृतिक चेतना के प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री ने 22 जनवरी के ऐतिहासिक दिन को याद करते हुए कहा कि लंबे इंतजार के बाद जब प्रभु राम की प्राण-प्रतिष्ठा हुई, तो पूरी दुनिया उस पल की साक्षी बनी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश की समृद्ध संस्कृति और विरासत के संरक्षण का कार्य निरन्तर कर रही है। खाटूश्याम जी, गिरराज जी और पुष्कर के ब्रह्मा मंदिर सहित प्रमुख धार्मिक केंद्रों के विकास के लिए सरकार काम कर रही है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का वैदिक परंपरा के अनुरूप मंत्रोच्चार के साथ स्वागत किया गया। इस दौरान उन्होंने चारों वेद ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद एवं अथर्ववेद का वाचन कर रहे बटुकों के वैदिक मंत्रोच्चार का श्रवण किया। हनुमान कथा के दौरान उपस्थित श्रद्धालु भक्तिभाव में सराबोर नजर आए।

## मानसून सत्र से पहले सर्वदलीय बैठक, 40 पार्टियां शामिल हुईं

### राज्यसभा में अमित शाह पेश करेंगे वंदे मातरम से जुड़ा बिल, चर्चा के लिए 4 घंटे तय

नई दिल्ली।




मानूसन सत्र से एक दिन पहले रविवार को संसद भवन के एनेक्सी बिल्डिंग में सर्वदलीय बैठक हुई। 3 घंटे चली मीटिंग की अध्यक्षता राजनाथ सिंह ने की। मीटिंग में कांग्रेस, सपा, टीएमसी, छब्ब्य सहित 40 दलों के 58 नेता शामिल हुए। हालांकि बैठक के बीच विपक्ष ने सांकेतिक वॉकआउट किया।

विपक्ष इस बात से नाराज था कि सरकार ने टीएमसी के बागी 20 सांसदों के गुट को बैठक में क्यों बुलाया, जबकि स्पीकर ओम बिरला ने उनके गुट को अभी तक मान्यता नहीं दी है। ऑल पार्टी मीटिंग के बाद लोकसभा बिजनेस एडवाइजरी कमेटी की मीटिंग हुई। इसमें बिलों पर चर्चा के लिए समय तय किया गया। किरेन रिजिजू ने बताया कि बीएसी की बैठक के मुताबिक एफसीआरए संशोधन बिल पर 4 घंटे चर्चा होगी। इसके अलावा आयकर संशोधन बिल के लिए 4 घंटे, जजों की संख्या से जुड़े बिल के लिए 4 घंटे, जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रेशन बिल के लिए 4 घंटे, वंदेमातरम से जुड़े बिल के लिए 4 घंटे और एमएसएमई बिल पर चर्चा के लिए 5 घंटे तय किए गए हैं।

संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होकर 13 अगस्त तक चलेगा। इस दौरान 19 बैठकें होंगी। सोमवार को अमित शाह राज्यसभा में वंदे मातरम से जुड़ा बिल पेश करेंगे।

## राजस्थान में पंचायत-निकाय चुनाव पर आज आ सकता है अहम फैसला

जयपुर

राजस्थान में पंचायत और निकाय चुनाव को लेकर कल यानी सोमवार (20 जुलाई) को हाईकोर्ट में अहम सुनवाई होगी. चुनाव की संभावित समयसीमा, ओबीसी सर्वे और आरक्षण प्रक्रिया को लेकर राज्य सरकार, राज्य निर्वाचन आयोग और ओबीसी आयोग की ओर से स्थिति स्पष्ट की जाएगी. सरकार की ओर से पंचायत और निकाय चुनाव 15 अगस्त से 15 नवंबर के बीच कराने की तैयारी का रोडमैप पेश किए जाने की संभावना है. हालांकि, चुनाव की प्रक्रिया ओबीसी सर्वे और आरक्षण प्रक्रिया पूरी होने के बाद ही आगे बढ़ेगी.

### चुनाव में देरी पर हाईकोर्ट की नाराजगी

ओबीसी आयोग की ओर से रिपोर्ट 14 अगस्त तक सौंपे जाने की संभावना जताई गई है. इसके बाद आरक्षण लॉटरी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी. राज्य निर्वाचन आयोग को एससी-एसटी, ओबीसी और महिलाओं के लिए आरक्षित वार्डों की जानकारी मिलने के बाद चुनाव कार्यक्रम तैयार किया जाएगा. हाईकोर्ट चुनाव में देरी पर पहले ही नाराजगी जता चुका है. अदालत ने पूछा था कि आरक्षण की लॉटरी कौन निकालेगा और आदेशों का पालन नहीं होने पर किस अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी. कोर्ट ने यह भी चेतावनी दी कि अगर संबंधित एजेंसियां समय पर चुनाव कराने में विफल रहती हैं तो अदालत जज नियुक्त कर चुनाव प्रक्रिया पूरी करा सकती है. सुनवाई में चुनाव प्रक्रिया से जुड़े राज्य सरकार के सभी संबंधित अधिकारियों के मौजूद रहने के निर्देश दिए गए हैं.

## पूर्व जिलाध्यक्ष शर्मा ने स्वायत्तशासी संस्थाओं में प्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली का रखा सुझाव

विजेन्द्र सिंह लमोरिया



**चिड़ावा (नवयत्न)।** खाटूश्यामजी के सांवरिया भवन में भारतीय जनता पार्टी जयपुर संभाग की संगठनात्मक बैठक का द्वितीय सत्र प्रदेश महामंत्री संगठन अजेय कुमार की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में पूर्व सांसदों, पूर्व विधायकों, पूर्व जिला प्रमुखों, पूर्व मेयरों, पूर्व प्रदेश पदाधिकारियों, पूर्व जिला अध्यक्षों तथा निवर्तमान प्रदेश मोर्चा पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में संगठन की आगामी कार्ययोजना, जनसंपर्क अभियान, सेवा गतिविधियों तथा कार्यकर्ता आधारित कार्यसंस्कृति को और अधिक प्रभावी बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही संगठनात्मक समन्वय को मजबूत करने और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने के लिए सुझाव आमंत्रित किए गए। बैठक में भाजपा झुंझुनू के पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष शर्मा ने सहभागिता करते हुए राज्य सरकार को संगठन के माध्यम से स्वायत्तशासी संस्थाओं के अध्यक्षों का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रणाली में पार्षदों के माध्यम से होने वाले चुनावों में भ्रष्टाचार की संभावना बनी रहती है जबकि प्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली से पारदर्शिता बढ़ेगी और लोकतांत्रिक व्यवस्था अधिक सुदृढ़ होगी। बैठक में उपस्थित वरिष्ठ नेताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए अपने-अपने अनुभव साझा किए।

### कोबरी-सार



# जिला गौ सेवा समिति की बैठक आयोजित



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू (नवयत्न)।** देशव्यापी गो सम्मान आह्वान हस्ताक्षर अभियान के तहत जिला गौ सेवा समिति एवं गो सम्मान हस्ताक्षर समिति की संयुक्त बैठक रविवार को स्थानीय मोदी रोड स्थित गाडिया टाउन में आयोजित हुई। बैठक डॉ अनिल नाथ महाराज शाकम्भरी के सानिध्य तथा जिला गौ सेवा समिति के अध्यक्ष ताराचंद भोड़कीवाला की अध्यक्षता में संपन्न हुई। समिति पदाधिकारी रूपेश कुमार तुलस्यान एवं उमाशंकर महमिया ने बताया कि बैठक में जिले की लगभग 100 गौशालाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अभियान के अंतर्गत 24 जुलाई तक जिले भर से 21 हजार हस्ताक्षर एकत्रित कर समिति को सौंपे जाएंगे। वहीं 27 जुलाई तक जिले के लिए कुल 5 लाख हस्ताक्षर जुटाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। एकत्रित सभी हस्ताक्षरों को 27 जुलाई को जिला कलक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री को पेन ड्राइव के द्वारा प्रेषित किया जाएगा। वक्ताओं ने कहा कि गौ संरक्षण, संवर्धन एवं गौमाता के सम्मान के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग की सहभागिता अनिवार्य है। अभियान का उद्देश्य अधिक से अधिक नागरिकों को जोड़कर गौमाता के संरक्षण के प्रति जनजागरण करना तथा जनसमर्थन को राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाना है। इसके लिए सभी गौशालाओं, गौसेवकों एवं सामाजिक संगठनों से अभियान में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया गया। इस अवसर पर जिला गौ सेवा समिति के जिला महामंत्री सुभाष क्यामसरिया, जिला प्रवक्ता कैलाश व्यास लीखवा, रामगोपाल महमिया, श्रीकांत पंसारी, प्रदीप शर्मा अलसीसर, बाबूलाल नेहरा, कैलाश डूडी, सुरेश स्वामी, कर्नल गोविंद शर्मा, पाबूदान सिंह, भंवर सिंह, परसराम सूरजगढ़िया, सुरेश शर्मा, शंकरलाल, अनिल दास सहित बड़ी संख्या में गौसेवक एवं गौशाला प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# गौ सेवा कर मनाया विप्र सेना का छठा स्थापना दिवस



निसं

**बीकानेर (नवयत्न)।** विप्र सेना की बीकानेर इकाई ने छठा स्थापना दिवस गौ सेवा कर मनाया। राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ मेघना शर्मा ने बताया कि 19 जुलाई को विप्र सेना के छठे स्थापना दिवस के अवसर पर बीकानेर इकाई की टीम ने गजनेर रोड स्थित डेहरु माता मंदिर जाकर गायों को चारा, पानी और गुड़ अर्पित किया। डॉ शर्मा ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि हिंदू परंपरा में गाय को कामधेनु का स्वरूप माना जाता है, जो समृद्धि और पालन-पोषण का प्रतीक है, इसीलिए हमारे धर्म और संस्कृति में गायों का विशेष महत्त्व है। गौ सेवक धर्मेंद्र सारस्वत ने इस अवसर पर बोलते हुए कहा कि गाय को गौ माता कहा जाता है क्योंकि वह मनुष्य के जीवन के पोषण, कृषि, पर्यावरण और धार्मिक परंपराओं में महत्वपूर्ण स्थान रखती है। इसीलिए आज के पावन अवसर पर गायों की सेवा को प्राथमिकता दी गई। बिन्यानी चौक स्थित सत्यनारायण मंदिर में महाआरती में संगठन के लोगों द्वारा शामिल होकर सनातन और धर्म को मजबूत बनाये रखने का संकल्प लिया गया। बीकानेर टीम में हरिगोपाल उपाध्याय, पूर्व जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सारस्वत, रविंद्र जाजडा, प्रदेश प्रवक्ता रामोवतार उपाध्याय, भगवती प्रसाद गौड़, पवन कुमार सारस्वत, इन्द्र कुमार शर्मा आदि शामिल रहे।

# धर्म और देश की रक्षा का पर्याय मंगल पांडे : सेवग

निसं

**बीकानेर (नवयत्न)।** भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रथम नायक अमर शहीद मंगल पांडे की 199वीं जयंती पर शाकद्वीपीय मग ब्राह्मण समाज और मंगल पांडे स्मारक समिति की तरफसे मंगल पांडे सर्किल पर पुष्पांजलि और स्मरण सभा आहूत की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान प्रांतीय शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा के प्रदेशाध्यक्ष गणेशदास सेवग ने तेल चित्र पर पुष्पहार अर्पित करते हुए कहा कि धर्म और देश की एकता की रक्षा के लिए अपने प्राण की परवाह किए बगैर जिसने मजबूत अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ मोर्चा खोला वो क्रांतिकारी अमर शहीद मंगल पांडे धर्म की रक्षा के पर्याय के रूप में सदैव पूजनीय रहेंगे। विशिष्ठ अतिथि कल्याण फाउंडेशन ऑफ इंडिया की निदेशक कामिनी विमल भोजक मैया ने श्रद्धांजलि व्यक्त करते हुए कहा कि आजादी के प्रथम नायक मंगल पांडे की हुंकार ने भारत में आजादी के आंदोलन की शुरुआत की और वे सदैव भारत देश के फौलादी वीर के रूप में याद किए जाते रहेंगे। वरिष्ठ समाजसेवी और व्यापारी बजरंगलाल सेवग उर्फ मास्टरजी ने कहा कि जो वतन के, धर्म के लिए और संप्रभुता की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने से पीछे नहीं हटते अमीर शहीद मंगल पांडे इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाकद्वीपीय मग ब्राह्मण बंधु ट्रस्ट के अध्यक्ष आर के शर्मा ने करते हुए कहा कि भारत देश की वीर गाथाओं में आजादी के प्रथम नायक मंगल पांडे अविस्मरणीय व्यक्तित्व और गौरव के रूप मे सदेव पूजे जाएंगे। राजस्थान प्रांतीय शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासभा के महासचिव राजेश शर्मा ने पुष्पांजलि अर्पित हुए कहा कि जिस वक्त भारत में बोलने से लोग हिचकिचाते थे अंग्रेजी दासता का भयंकर खौफथा तब मंगल पांडे ने विद्रोह का बिगुल फूंक कर भारतीयों में जोश का संचार किया और भारत आजादी की राह पर आगे बढ़ा। वन्देमातरम टीम के संयोजक विजय कोचर ने कहा कि वीर सपूतों की गाथाओं पर छोटे-छोटे लघु नाटक बच्चों के लिए तैयार किए जाने चाहिए जिस से वे इनके वीर कार्यों से अवगत हो सके।

# मुख्य सचिव ने वीसी के माध्यम से ली समीक्षा बैठक

# सभी अस्पताल आवश्यक स्टेंडर्ड प्रोटोकॉल्स की सख्ती से पालना करें

सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर (नवयत्न)।** मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने कहा कि प्रत्येक उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिला की नामवार लिस्ट तैयार करें। साथ ही एएनएम तथा सीएचओ को प्रत्येक हाईरिस्क गर्भवती महिला के साथ नियमित मॉनिटरिंग के लिए अटैच करें। आवश्यकता होने पर रेफरल सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने प्रदेशभर के सभी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों एवं जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य अधिकारियों को सोमवार को सुबह एएनएम की बैठक लेकर लाईनलिस्ट और उसके कारणों की समीक्षा के निर्देश दिए। ताकि समय रहते आवश्यक इंटरवेंशन किया जा सके। मुख्य सचिव ने रविवार को स्वास्थ्य भवन में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य गतिविधियों की विस्तार से जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने प्रदेश के सभी मेडिकल कॉलेजों के अधीक्षकों एवं गायनी विभागाध्यक्ष गत 24 घंटों में सामान्य व सिजेरियन प्रसव एवं उनकी वर्तमान हालत के बारे में जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्रीनिवास ने कहा कि प्रत्येक चिकित्सालय में प्रसव सहित विभिन्न ऑपरेशन्स के लिए स्टेंडर्ड ऑपरेशन प्रोसीजर्स की पालना सुनिश्चित करें। इस दौरान विभिन्न चिकित्सा विशेषज्ञों ने लेबर रूम प्रोटोकॉल, इंफेक्शन कंट्रोल, एनस्थीसिया, बोयोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट, कोल्ड चैन मैनेजमेंट, रैफरल प्रोटोकॉल आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने प्रदेश के सभी अस्पतालों में आवश्यक प्रोटोकॉल्स की सख्ती से पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रसव के बाद अगले 24 घंटे धात्री महिला की इंटेसिव निगरानी रखने एवं उसके पोषण का समुचित रूप से ध्यान रखने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि चिकित्सा विभाग द्वारा संचालित किए गए अभियान में विभिन्न गतिविधियां संचालित की गयी हैं।

जुलाई माह में सीकर, नागौर, जालौर, बांसवाड़ा एवं चूरू जिले में सबसे अधिक उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाएं चिह्नित की गयी हैं। उन्होंने कहा कि जिन गर्भवती महिलाओं के सीवियर एनीमिया है और जिनकी ड्यू डेट आने वाली है, उन्हें अगले आवश्यकता अनुसार ब्लड ट्रांस्फ्यूजन या एफसीएम इंजेक्शन या अल्टरनेट दिवस में आयरन शुक्रोज इंसर्शन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए ताकि उन्हें माईल्ड या सामान्य स्थिति में लाया जा सके। उन्होंने कहा कि जिस भी जिले में 6 ग्राम या इससे कम हीमोग्लोबिन या और कोई उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की नामवार जानकारी एएनएम के साथ-साथ जिले के आरसीएचओ एवं सीएमएचओ




द्वारा रखी जाए। इन गर्भवती महिलाओं के सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने के लिए संबंधित एएनएम द्वारा प्रत्येक तीसरे दिन जांच की जानी आवश्यक है। प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ ने कहा कि गर्भवती महिलाओं के सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने के लिए प्रसव नियोजन जैसे उनकी स्वास्थ्य स्थिति के मुताबिक आवश्यक अस्पताल का चयन, प्रसव की तिथि की जानकारी एवं रेफरल जैसी व्यवस्थाओं का समुचित प्रबंधन करने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह भी ध्यान रखा जाए कि गर्भवती महिला के ममता कार्ड पर पूर्ण एवं सही जानकारी स्पष्ट भाषा में अंकित की जानी आवश्यक है। बैठक में आयुक्त चिकित्सा शिक्षा बाबूलाल गोयल, प्राचार्य एसएमएस मेडिकल कॉलेज डॉ दीपक माहेश्वरी, निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ रवि प्रकाश शर्मा, अतिरिक्त मिशन निदेशक एनएचएम डॉ टी शुभमंगला, निदेशक आरसीएच डॉ मधु रतेश्वर सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद थे।

# जीवन ज्योति रक्षा समिति द्वारा देवरोड़ में शुरू की गई नि:शुल्क एम्बुलेंस सेवा

## भामाशाह दरिया सिंह तेतरवाल ने भेंट की नई एम्बुलेंस

कृष्ण कुमार गांधी

**सूरजगढ़ (नवयत्न)।** कस्बे की सामाजिक संस्था जीवन ज्योति रक्षा समिति द्वारा अपने सेवा कार्य में विस्तार करते हुए देवरोड़ गांव में नई नि:शुल्क एम्बुलेंस सुविधा शुरू की गई है। रविवार को देवरोड़ के उप स्वास्थ्य केन्द्र में आयोजित नि:शुल्क एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि जिला पुलिस अधिक्षक अपराध शाखा रणजीत सिंह सेवदा, समिति संरक्षक व समाजसेवी सज्जन अग्रवाल ने किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सूरजगढ़ थानाधिकारी राम सिंह यादव, बगड़ थानाधिकारी मुकेश चौधरी, चिड़ावा सीआई लक्ष्मीकांत वर्मा सहित गुड्डु नेहरा व विजयपाल ढाका रहे।

इस दौरान पंचायत प्रशासक अनूप नेहरा, पूर्व प्रधान शेर सिंह नेहरा व ग्रामीणों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। इस मौके पर पूर्व सरपंच कुलदीप कुल्हरी, पूर्व सरपंच रामनिवास किरोड़ीवाल, हंसराज मेघवाल, मूलचंद गुजर, सत्यवीर भारकर, अजय जांगिड़, शीशराम पिलानियां, रामवतार कुल्हरी, जगदीश किरोड़ीवाल, गुगन नेहरा, कुरडाराम मीणा, महावीर कुल्हार,




अमर सिंह जांगिड़, हरफूल नेहरा, बाबूलाल शर्मा मौजूद रहे। भामाशाह दरिया सिंह तेतरवाल ने अब तक समित्ति को तीन एम्बुलेंस नि:शुल्क भेंट की है। ग्रामीणों ने भामाशाह का भी स्वागत किया।

### अब सड़क हादसों में घायल मरीजों को समय पर मिलेगा उपचार

जीवन ज्योति रक्षा समिति के सचिव बलवान भास्कर ने बताया कि समिति पिछले 15 सालों से सूरजगढ़ क्षेत्र में काम कर रही है उन्होंनें जानकारी देते हुए बताया कि समिति सदस्यों द्वारा अब तक 8023 सड़क हादसों में घायल हुए 16366 मरीजों को समय पर अस्पताल पहुंचाकर जान बचाने का कार्य कर चुकी है। कोई भी हादसा होने के बाद सरकारी एम्बुलेंस को सुचना करने और उसके घटनास्थल पर पहुंचने में कई बार काफी समय लग जाता है लेकिन जीवन ज्योति रक्षा समिति के नम्बर क्षेत्र के सभी लोगों के पास मौजूद है जिससे पीड़ित झट से सीधा नम्बर डाइल करता है और समिति सदस्य मौके पर पहुंचकर घायल को अस्पताल पहुंचा देते है। अब चिड़ावा पिलानी सहित क्षेत्र के लोगों को भी इस नि:शुल्क सेवा की सुविधा मिलेगी। इस मौके पर समिति अध्यक्ष प्राचार्य डॉ रवि शर्मा, संचालक अशोक जांगिड़, सूचना मंत्री रविन्द्र सांगवान, उपाध्यक्ष सज्जन वर्मा, ओमप्रकाश कौशिक, प्रदीप मान, सुमेर सिंह, डॉ सवाई सिंह, बाबली शर्मा, ईश्वर यादव, जितेन्द्र कोठारी, राजकुमार, सज्जन सैनी, श्योराम कुमावत, बालमुकुंद छापड़िया, मनीष जांगिड़, अरूण कुमार, विनय पांडे, संदीप कुमार भी मौजूद रहे। ग्रामीणों ने इस नेक काम के लिए पूरी टीम का आभार व्यक्त किया।

# सीएलजी बैठक आयोजित



निसं

**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी पुलिस थाने में रविवार को सीएलजी की बैठक का आयोजन किया गया। एएसपी फूलचंद मीणा की अध्यक्षता में आयोजित की गई बैठक में ग्रामीणों ने असमाजिक तत्वों पर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है। बैठक में क्षेत्र की कानून व्यवस्था, अपराध नियंत्रण एवं जनसुरक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि कस्बे में रात के समय पार्को एवं कन्या विद्यालय परिसर के आसपास घूमने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठाई। उन्होंने कहा कि ऐसे तत्वों की गतिविधियों से आमजन, विशेषकर महिलाओं और छात्राओं में असुरक्षा की भावना पैदा होती है। इसके अलावा कस्बे में लगे सीसीटीवी कैमरों को शीघ्र दुरुस्त करवाने की मांग भी रखी गई ताकि अपराधों पर प्रभावी निगरानी रखी जा सके। ग्रामीणों ने किन्नर समाज द्वारा बधाई के नाम पर जबरन धनराशि वसूलने की शिकायत करते हुए इस पर नियंत्रण की मांग की। साथ ही अवैध मादक पदार्थों की बिक्री पर प्रभावी कार्रवाई करने तथा बाहर से आकर नशे का सामान बेचने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कदम उठाने की आवश्यकता बताई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक फूलचंद मीणा, डीएसपी राजेंद्र बुरड़क एवं थानाधिकारी बुद्धि प्रसाद ने सभी सुझावों और शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने कहा कि पुलिस आमजन की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और कानून व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। अधिकारियों ने उपस्थित लोगों से अपील की कि यदि क्षेत्र में कोई संदिग्ध व्यक्ति, गतिविधि या अपराध से जुड़ी सूचना मिले तो तत्काल पुलिस को सूचित करें। उन्होंने कहा कि पुलिस और जनता के आपसी सहयोग से ही अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है तथा क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और सौहार्द का वातावरण बनाए रखा जा सकता है। इस दौरान बैठक में अमरचंद शर्मा, डॉ सोमदत्त भगत, प्रदीप सुरोलिया, नंदकिशोर, ओमप्रकाश, बलवीर सैनी, हनुमान, कैलाश स्वामी, पवन कुमार, अखिलेश शर्मा, अशोक कुमार, दीपक कुमार, ओमपाल, नरेश कुमार, रामवतार, महावीर प्रसाद, भवानी शंकर सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# गोपुष्टी महायज्ञ व भक्तमाल कथा में उमड़ रही श्रद्धा



**जयपुर (नवयत्न)।** सांगानेर के श्री तिवड़िया बालाजी धाम स्थित हनुमान मंदिर मैदान में श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर बालयोगी बालकृष्ण दास महाराज के सानिध्य में आयोजित गोपुष्टी महायज्ञ एवं श्रीमद् भक्तमाल कथा का चतुर्थ दिवस भी श्रद्धा और भक्ति के माहौल में संपन्न हुआ। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं भक्तों ने भाग लेकर धर्म लाभ प्राप्त किया। इस आयोजन से जुड़े जोई राम सोई राम महाराज ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पधारकर धर्म कार्य में सहभागी बनने और आयोजन को सफल बनाने की अपील की। कथा प्रवक्ता आचार्य बालयोगी नामिनाथ दास महाराज ने भक्तमाल में वर्णित भक्त चंद्रहास का प्रेरक प्रसंग सुनाया। उन्होंने कहा कि सच्ची निष्ठा, दृढ़ संकल्प और कठिन परिश्रम से व्यक्ति जीवन में किसी भी सफलता को प्राप्त कर सकता है। उन्होंने युवाओं का आह्वान करते हुए एक लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने, भक्ति और सत्संग से जुड़ने तथा संस्कार और चरित्र निर्माण को जीवन का आधार बनाने का संदेश दिया। कथा के दौरान प्रस्तुत भजनों पर श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर झूम उठे। वक्ताओं ने नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, धर्म और सत्संग से जोड़ने पर विशेष जोर दिया। वहीं सायंकाल आयोजित रासलीला में वृंदावन से आए कलाकारों ने भगवान श्रीकृष्ण की मनोहारी लीलाओं का भावपूर्ण मंचन किया। रात्रि तक चले कार्यक्रम में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही और पूरा परिसर भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान रहा।

# उपराष्ट्रपति से सम्मानित होकर लौटे विधायक श्रवण कुमार का किया अभिनंदन

विजेन्द्र सिंह लमोरिया

**चिड़ावा (नवयत्न)।** जयपुर स्थित राजस्थान विधानसभा भवन में उपराष्ट्रपति द्वारा जीवन पर्यंत उपलब्धि सम्मान से सम्मानित होने के बाद क्षेत्र में प्रथम बार चिड़ावा आगमन पर विधायक श्रवण कुमार का जगह-जगह स्वागत व अभिनंदन किया गया। शहर के सूरजगढ़ रोड बाईपास तिराहे पर पूर्व प्रधान शेर सिंह नेहरा व समाजसेवी शीशराम हलवाई के नेतृत्व में अभिनन्दन समारोह आयोजित हुआ। इस दौरान विधायक श्रवण कुमार ने कहा कि जनता की सेवा ही उनका ध्येय रहा है। वे हमेशा से पीड़ित जनता के लिए तैयार रहे हैं। उसी सेवा का पुरस्कार अब उन्हें मिला है। ये सम्मान उनका नहीं बल्कि क्षेत्र की जनता जनार्दन का है और उनको ही समर्पित है। पूर्व प्रधान नेहरा व समाजसेवी हलवाई ने कहा कि क्षेत्र में पिलानी और सूरजगढ़ विधानसभा का प्रतिनिधित्व करते हुए विधायक श्रवण कुमार ने



हमेशा क्षेत्र के विकास की सोच रखी है। उसी का परिणाम है कि विधानसभा के वरिष्ठ विधायक के रूप में अच्छे कार्य के लिए उनको सम्मान मिला है। इस दौरान मास्टर जगदेव सिंह ने विधायक का साफा पहनकर अभिनंदन किया। शिक्षाविद् राम सिंह नेहरा, जगपाल सिंह यादव, कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष संजय कुमार सैनी, पिलानी ब्लॉक अध्यक्ष विनोद काजला आदि ने भी अपने विचार रखे। इस मौके पर अंकित फोगाट, लोकेश डूडी, प्रकाश गुर्जर, कुलोठ सरपंच प्रतिनिधि रणवीर, राजेश काजला, उप सरपंच ताराचंद लाम्बा, हनुमान प्रसाद, लक्ष्मी नारायण, नाथुराम मेघवाल, दलबीर, अंकित पूनिया, राजवीर डूडी, बुद्धराम, हरिसिंह, महेन्द्र सिंह बलौदा, राजकुमार डैला, पूर्व सरपंच शीशराम गोस्वामी, राजेश नातवाल, प्रभुदयाल सैनी, दीपक नेहरा आदि ने विधायक का माला पहनकर स्वागत किया। इससे पहले मंड्रेला रोड चौराहा पर पूर्व उपप्रधान उमराव डांगी, कांग्रेस ब्लॉक एससी-एसटी अध्यक्ष हवासिंह तंवर, रघुवीर डैला, विक्रांत जाखड़, शंकर लाल श्योपुरा, रणवीर पूनिया, प्रेम लाम्बा, शीशराम ओला, विजेंद्र नूनिया, संजय नूनिया, नंदकिशोर नायक, महेंद्र रणवां, सत्यवीर बुडानिया, हरिराम नायक, सीताराम नायक, शीशराम सैनी, विजय मील, हरीश सहल आदि ने विधायक श्रवण कुमार का माला व साफा पहनाकर अभिनंदन किया।

# लापरवाही : पक्षियों के लिए लगाए परिण्डे में पानी डालना भूल रहे

निसं

**बिसाऊ (नवयत्न)।** गर्मी को देखते हुए पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए सरकारी कार्यालयों व निजी संस्थानों में अभियान चलाकर परिंडे लगाने की होड़ मची है लेकिन यह होड सिर्फ परिंडे लगाने तक सिमित रह गई है क्योंकि परिंडे लगाने के वक्त इनमें प्रतिदिन पानी से भरने का जो संकल्प लिया गया था वह संकल्प अब परिंडे बगैर पानी के रहने से झुठा साबित हो रहा है। जब संवाददाता तहसील कार्यालय में गया और वहां लगे परिंडो को देखा तो वह बगैर पानी के लटक रहे थे। यही हाल कस्बे के राजकीय जटिया अस्पताल परिसर में लगे परिडों की है, अस्पताल के गार्डन में लगा परिंडा टूटकर लटका हुआ है, धर्मशाला के पास लगा परिंडा पानी के बगैर खाली पड़ा है। गौरतलब है कि तहसील कार्यालय मव अस्पताल में परिंडे पिछले माह ही लगाए थे जिनकी देखभाल व पानी से भरने का वहां के कर्मचारियों ने जिम्मा लेते हुए संकल्प लिया था जो परिंडे खाली देखकर संकल्प झुठा साबित हो रहा है। इसी तरह के परिंडो की हालात अन्य सरकारी कार्यालयों में भी देखने को मिल रही है। लोगों का कहना है की परिंडे लगाने और पौधरोपण अभियान सिर्फ कागजों व अखबारों तथा सोशल मीडिया में दिखावें तक सीमित ही रहता है ।



# सीएलजी एवं शांति समिति की बैठक आयोजित



ललित दाधीच

**राजलदेसर ( नवयत्न )।** कस्बे के पुलिस थाना परिसर में रविवार शाम 5 बजे नव पदस्थापित थानाप्रभारी बेगाराम मीणा की अध्यक्षता में सीएलजी एवं शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कस्बे के गणमान्य नागरिकों, व्यापार मंडल प्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा सीएलजी सदस्यों ने भाग लिया। बैठक को संबोधित करते हुए थानाप्रभारी बेगाराम मीणा ने कहा कि पुलिस और आमजन के बीच बेहतर समन्वय से ही अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है। उन्होंने सभी नागरिकों से कानून व्यवस्था बनाए रखने, सामाजिक सौहार्द कायम रखने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की। थानाप्रभारी ने विशेष रूप से बढ़ते साइबर अपराधों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि राजलदेसर क्षेत्र से भी 100 से अधिक लोग विभिन्न माध्यमों से साइबर फ्रॉड जैसी गतिविधियों में संलिप्त पाए गए हैं। ऐसे मामलों पर पुलिस की लगातार निगरानी है और दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अनजान कॉल, फर्जी लिंक, ओटीपी, बैंक खाते एवं यूपीआई संबंधी जानकारी किसी के साथ साझा नहीं करने तथा साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 हेल्पलाइन या निकटतम पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराने का आग्रह किया। बैठक में यातायात व्यवस्था, बाजार क्षेत्र में पार्किंग, महिला सुरक्षा, नशा मुक्ति, युवाओं को अपराधों से दूर रखने, रात्रि गश्त, शांति एवं सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने सहित विभिन्न स्थानीय समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित सदस्यों ने भी अपने-अपने सुझाव रखते हुए पुलिस प्रशासन को हरसंभव सहयोग देने का विश्वास दिलाया। थानाप्रभारी ने कहा कि पुलिस आमजन की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है तथा आमजन और पुलिस के बीच विश्वास एवं संवाद जितना मजबूत होगा, अपराधों पर नियंत्रण उतना ही प्रभावी होगा।

उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने, सोशल मीडिया पर किसी भी भ्रामक या आपत्तिजनक सामग्री को साझा करने से बचने तथा किसी भी सूचना का सत्यापन करने के बाद ही उसे आगे प्रसारित करने की अपील की। इस अवसर पर विक्रम शर्मा, गंगाराम सोनी, ओमप्रकाश जोड़ा, पवन प्रजापत, भादर भामू, जगदीश सोनी, शरीफ छिंपा, पूनमचंद गर्ग, देवकिशन सुथार, देवकीनंदन दाधीच, दौलत राम जाट, भानीराम मेघवाल आलसर, जगदीश सहू लाछड़सर, गिरधारी सिंह राठौड़ जेगनिया, राजेश सोनी सहित अनेक व्यक्ति मौजूद रहे।

## बेटी की शादी के 15 लाख चोरी करने वाला इनामी बदमाश गिरफ्तार



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** माणक चौक थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए करीब तीन माह से फरार चल रहे 10 हजार रुपए के इनामी नकबजन को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की गई राशि में से 12 लाख रुपए नकद तथा चोरी के रुपयों से खरीदी गई रॉयल एनफील्ड बुलेट बरामद कर ली है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर उत्तर करण शर्मा ने बताया कि माणक चौक थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए करीब तीन माह से फरार चल रहे 10 हजार रुपए के इनामी नकबजन हसेन अली उर्फ खरखरी निवासी हरिश्चंद्रपुर, मालदा को पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी जयपुर में कबाड़ बीनने के बहाने आवासीय इलाकों की रेकी करता था। वारदात वाले दिन भी वह लोहे का सामान चोरी करने की नीयत से मकान में घुसा था लेकिन नकदी मिलने पर रकम लेकर अपने गृह राज्य फरार हो गया। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि उससे अन्य नकबजनी की वारदातों का भी खुलासा होने की संभावना है। थानाधिकारी राकेश ख्यालिया ने बताया कि 24 अप्रैल को चौड़ा रास्ता स्थित दीवान भागचंद की गली में सूने मकान में चोर ने बाथरूम के एग्जॉस्ट फैन की जाली तोड़कर प्रवेश किया और अलमारी में बेटी की शादी के लिए रखे 15 लाख रुपए नकद चोरी कर फरार हो गया। इस संबंध में 9 मई को माणक चौक थाने में मामला दर्ज कराया गया था। जिस पर पुलिस के आलाधिकारियों के निर्देशन में पुलिस टीम गठित की गई। जहां टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे 200 से अधिक सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में दबिश देकर आरोपी हसेन अली उर्फ खरखरी को धर-दबोचा। इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक नरेन्द्र सिंह, हेड कांस्टेबल हरदयाल सिंह तथा कांस्टेबल गिरधर सिंह, विक्रम सिंह और मंजीत की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## निःशुल्क नेत्र जांच एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय मोहन जैन आई हॉस्पीटल में अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन की ओर से रविवार को निःशुल्क नेत्र जांच एवं लेंस प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। स्व. श्रीकृष्ण सारड़ा, सोहनी देवी सारडा की स्मृति में कोलकाता प्रवासी उनके पुत्र गोपाल सारडा के सौजन्य से आयोजित शिविर में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने भी जांच करवाई। शिविर का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर अतिथियों द्वारा किया गया। डॉ अपूर्व कोटिया ने उपस्थित लोगों से कहा कि नियमित परिवार के किसी सदस्य से एक माह तक आंख में दवा डलवाना जरूरी है, ऑपरेशन के बाद इस बात का ख्याल रखना काफी आवश्यक है। कार्यक्रम में संस्था के जिलाध्यक्ष पवन माहेश्वरी, अरविन्द जालान, जगदीश प्रसाद लड़ा, श्याम सुंदर लड़ा, संतोष बेड़िया, जगदीश जालान, सांवरमल अग्रवाल आदि मंचस्थ रहे। डॉ अपूर्व कोटिया ने शिविर में 140 लोगों की जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया, जबकि 34 लोगों का लेंस प्रत्यारोपण के लिए चयन किया गया। शिविर को सफल बनाने में किशन मालानी, दिलीप मालानी, गिरधारी तोषनीवाल, राम सुराना, प्रदीप सर्राफ, पंकज पोद्दार, प्रदीप मंगलूनिया, मनीष खेतान, मनीष मालू, मयंक मोर, सत्यनारायण अग्रवाल, गोविंद लड़ा, विजय चौहान, नरेन्द्र प्रजापत, गुड्डू मालू, गोपाल सोनी, अनिल माटोलिया आदि ने सहयोग किया।

## माइंस संचालकों को नियमों की पालना करने के निर्देश



अबूबकर बल्खी

**लाडनूं ( नवयत्न )।** पुलिस थाना लाडनूं में क्षेत्र की औद्योगिक इकाइयों एवं माइंस संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कानून व्यवस्था, श्रमिक सुरक्षा एवं औद्योगिक गतिविधियों को नियमों के अनुरूप संचालित करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए पुलिस उपाधीक्षक जितेंद्र सिंह चारण ने सभी औद्योगिक एवं खनन इकाइयों के संचालकों को निर्देश दिए कि प्रत्येक इकाई के बाहर स्पष्ट रूप से दिखाई देने वाले स्थान पर पुलिस सहायता संबंधी साइन बोर्ड लगाए जाएं तथा उन पर आवश्यक हेल्पलाइन नंबर अंकित किए जाएं। उन्होंने खनन एवं अन्य कार्यों में किसी भी प्रकार से बाल श्रम नहीं करवाने के सख्त निर्देश देते हुए सभी पट्टों एवं लाइसेंसों को समय-समय पर अपडेट रखने की बात कही। साथ ही खनन कार्यों में बिना बीमा वाले वाहनों का उपयोग नहीं करने के निर्देश भी दिए।

थानाधिकारी शंभू दयाल मीणा ने क्षेत्र के सभी माइंस संचालकों से शासन के नियमों एवं सुरक्षा मानकों की पूर्ण पालना करते हुए कार्य करने की अपील की। उन्होंने कहा कि नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# भक्ति, ध्यान और सकारात्मक ऊर्जा से मिलेगा जीवन का समाधान : सिन्हा



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में रविवार को आयोजित विराट सत्संग में विश्व प्रसिद्ध आध्यात्मिक गुरु एवं मोटिवेशनल स्पीकर डॉ पवन सिन्हा गुरुजी ने भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के जीवन प्रसंगों के माध्यम से भक्ति, ध्यान और सकारात्मक जीवन-दृष्टि का संदेश दिया। देशभर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सत्संग में भाग लेकर आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्राप्त किया। डॉ पवन सिन्हा ने कहा कि सच्ची भक्ति केवल पूजा-पद्धति तक सीमित नहीं बल्कि सत्य, करुणा, धैर्य, अनुशासन और समर्पण को जीवन में उतारने का नाम है। उन्होंने वाल्मीकि रामायण के प्रसंगों का उल्लेख करते हुए रामराज्य की अवधारणा पर प्रकाश डाला तथा सोशल मीडिया पर भगवान श्रीराम और श्रीकृष्ण के प्रति आपत्तिजनक सामग्री को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने अवसाद, तनाव और असफलता से उबरने के लिए आध्यात्मिक शिक्षा, ध्यान और सकारात्मक सोच को सबसे प्रभावी उपाय बताते हुए कहा कि ध्यान के बिना पूजा और भक्ति अधूरी है। नियमित ध्यान मन को स्थिरता, आत्मविश्वास और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है। इस दौरान श्रद्धालुओं ने गुरुजी के मार्गदर्शन में ध्यानाभ्यास भी किया। युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश का युवा भीड़ नहीं बल्कि राष्ट्र का कर्णधार है। युवाओं को अपनी ऊर्जा और क्षमता पहचानकर अध्यात्म, संस्कार और ध्यान के मार्ग पर आगे बढ़ना चाहिए।

उन्होंने बच्चों के संस्कार निर्माण और आध्यात्मिक शिक्षा पर विशेष बल दिया। सत्संग में आश्रम की सुर साधक मंडली ने गुरुजी द्वारा रचित भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में विधायक कालीचरण सराफ, पुरुषोत्तम तुलसियान, शशि तुलसियान, मनोज मुद्गल, आरएएस पंकज ओझा, मुन्ना दास महाराज, डॉ संजय बियानी, मुकेश पारीक, ऋतु रावत, योगेश नरूला, रुचि नरूला, शशि शर्मा, डॉ राकेश गुप्ता, डॉ गौरव, डॉ कनक शर्मा और विक्रम मालवीय सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। डॉ पवन सिन्हा दिल्ली विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर तथा पावन चिंतन धारा आश्रम के संस्थापक हैं।

वे पिछले 45 वर्षों से भारतीय संस्कृति, वेदांत दर्शन और आध्यात्मिक जीवन मूल्यों के प्रचार-प्रसार में सक्रिय हैं।

# इस्कॉन द्वारा निकाली गई भव्य रथ यात्रा



निसं

**बीकानेर ( नवयत्न )।** अंतर्राष्ट्रीय कृष्ण भावनामृत संघ (इस्कॉन) बीकानेर के तत्वावधान में बीकानेर में इस वर्ष भव्य रथ यात्रा रविवार निकाली गई। यह भव्य रथ यात्रा में लगभग 500 श्रध्दालु एकत्रित हुए। यह यात्रा नथूसर गेट से निकाली गई और इसमें इस्कॉन जोधपुर मंदिर के अध्यक्ष सुंदर लाल प्रभुजी और जोधपुर से अनेक भक्त भी शामिल हुए। इस्कॉन के केंद्र प्रभारी संकर्षण प्रिय दास ने भगवान श्री जगन्नाथ की महिमा बताते हुए बताया कि जगन्नाथ ही कलयुग के आराध्य देव है। वो इतने दयालु है कि जो लोग इतने व्यस्त है कि मंदिर के अंदर उनका दर्शन करने नहीं जा सकते है उनके लिए जगन्नाथ स्वयं बाहर आकर उनका उद्धार करते है। जिस प्रकार जब हम थोड़ा बीमार होते है तो डॉक्टर के पास जाते है लेकिन जब बीमारी ज़्यादा बढ़ जाती है तो डॉक्टर को हमारे पास आना पड़ता है इसी प्रकार से जगन्नाथ ही हमारे असली डॉक्टर है जो हमारा उद्धार करने के लिए खुद रथ पर चढ़ के हमारे पास आते है। रथ नथूसर गेट से होते हुए कई प्रमुख क्षेत्रों का भ्रमण करते हुए अग्रसेन भवनके सामने पहुँचा जहाँ सभी भक्तों के लिए जगन्नाथ का महाप्रसाद उपलब्ध था। जगह-जगह रथ के स्वागत के लिए रंगोली बनाई गयी। साथ ही जो भी श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ का दर्शन करने आये थे वो उन्हें पुष्प अर्पित किए। इस्कॉन के भक्त जन हर रोज प्रातः हरे कृष्ण महामंत्र का नगर संकीर्तन निकाला करते थे ताकि बीकानेर के सभी नागरिक इस रथ यात्रा का हिस्सा बन पाए।

अन्य भक्तों से वार्तालाप करते हुए हमने जाना कि उन्हें बिल्कुल पुरी की रथ यात्रा का अनुभव बीकानेर में हो रहा था क्यूँकि सामने वह श्री श्री जगन्नाथ बलदेव सुबधरा महारानी और सुदर्शन प्रभु को रथ पर आरूढ़ देख रहे है और सभी भक्त भगवान के रथ को रस्सी से खिंचने का प्रयास कर रहे है साथ ही पूरे वातावरण में उच्च स्वर से मधुरश्री हरिनाम संकीर्तन का यशोगान हो रहा है। इसके साथ साथ बहुत सारे भक्त रथ यात्रा के दौरान भी खिचड़ी प्रसाद का वितरण भी कर रहे थे ताकि जो भी दर्शनार्थी आये उन्हें प्रसाद अवश्य मिले जैसा कि हम जानते है जगन्नाथ के भात दुनिया पसारे हाथ। इसके साथ-साथ अनेक भक्त जन इस्कॉन के संस्थापक आचार्य श्रील प्रभुपाद की पुस्तकों का वितरण कर रहे थे!

ऐसा इसलिए ताकि जो भी श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ का दर्शन करने आये है वो दर्शन का पूरा लाभ ले और वह तब हो पाएगा जब वो व्यक्ति हर रोज भक्ति के विधि विधान का पालन करेगा। इस्कॉन में संडे सेंटर पर रथ पहुँचने के उपरांत सभी जगन्नाथ भक्तों के लिए पूरे प्रसादम की व्यवस्था थी। इन सभी भक्तों का उत्साह और भव्य रथ यात्रा आयोजन ने बीकानेर शहर को एक दिन के लिए पुरी में परिवर्तित कर दिया था।

# स्मृति सभा में केसी मालू को वक्ताओं ने बताया राजस्थानी संस्कृति का संवाहक



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** स्थानीय तेरापंथ सभा भवन में वीणा समूह के संस्थापक व राजस्थान रत्न से सम्मानित केसरीचंद मालू की स्मृति सभा का आयोजन किया गया। अजय चौरड़िया ने केसी मालू के जीवन चरित्र को रेखांकित करते हुए उनके द्वारा राजस्थानी लोक कला, संस्कृति, गीतों को विश्व में पहुंचाने के लिए किए गए प्रयासों को रेखांकित किया। वक्ताओं ने कहा कि सुजानगढ़ चिकित्सा की दृष्टि से अत्यधिक आधुनिक हो, इसके लिए उन्होंने सुक्षेम फाउंडेशन के जरिये मल्टीस्पेशियेलिटी हॉस्पीटल की नींव भी रखवाई थी, जिसका निर्माण जारी है। इस अवसर पर केसी मालू के परिवारजन निर्मल मालू, हेमजीत, प्रसन्नजीत मालू सभा में उपस्थित रहे। श्रद्धांलजी सभा में वक्ताओं ने स्व. मालू के विभिन्न संस्मरणों को सुनाते हुए उनको श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा, विधायक मनोज मेघवाल, सुक्षेम फाउंडेशन के राजेंद्र दाधीच, पृथ्वीराज बाफना, राजस्थान फाउंडेशन के मंगलचंद चौधरी, बीदासर निवर्तमान प्रधान संतोष मेघवाल, भाजपा नेता जयश्री दाधीच, भाजपा नेता कमल दाधीच, सविता राठी, मनजीतपालसिंह, यंग्स क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा, निवर्तमान सभापति निलोफर गौरी, मधु बागरेचा, इदरीश गौरी, इरशाद गौरी, बजरंग सैन, कमल तापड़िया, प्रशांत पारीक, रामनिवास गुर्जर, अरविंद, बजरंग सेन, ध्रुपद गायिका गायत्री शर्मा, राजेश सुंदरिया सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे। वक्ताओं ने राजस्थान,, राजस्थानी और लोक कला संरक्षण की दिशा में केसी मालू के प्रयासों को स्तुतीय बताया।

## आध्यात्मिकता से होता है नारी का सशक्तिकरण : बीके अर्चना



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** लुहारागाड़ा स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारीज ईश्वरीय विश्व विद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र पर आध्यात्मिकता से महिला सशक्तिकरण हेतु सामाजिक एवं आध्यात्मिक विकास की धुरी महिला विषयक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चूरू से आई बीके सुमन ने आयोजकीय पृष्ठभूमि को रेखांकित किया और बताया कि आज के समय में महिला शक्ति के बिना आधुनिक समाज की कल्पना नहीं की जा सकती। ऐसे में महिलाओं को आध्यात्किता के जरिये अपने जीवन को सुखी और सरल बनाने पर ध्यान देना चाहिए। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता पदमपुर से आई बीके अर्चना ने कहा कि भारत में एक तरफ जहां देवियों की पूजा होती है, दूसरी ओर कन्या भ्रूण हत्या की घटनाएं सुनने को मिलती हैं, ये काफी विडम्बनापूर्ण है। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता से नारी का सशक्तिकरण होता है। जब औरत अपने आपको अकेला पाती है, तब केवल परमात्मा शक्ति ही उसकी मदद करती है। उन्होंने कहा कि हमें कटू वचनों को नजर अंदाज करने, दूसरों को माफकरने, दूसरों से क्षमा मांगने, परमात्मा का रोज धन्यवाद करने की आदत डालनी चाहिए, ताकि हम संसार के सबसे सुखी इंसान अपने आपको बना सकें। बीके अर्चना ने कहा कि हमें अपने मूड का रिमोट अपने हाथ में रखना चाहिए, दूसरे लोगों की बातों से अपने मूड को डिसाईड नहीं करना चाहिए। कार्यक्रम में बीदासर की निवर्तमान प्रधान संतोष मेघवाल ने कहा कि महिला शक्ति का विकास होने पर ही देश का विकास संभव है। उन्होंने कहा कि समय-समय पर नारी शक्ति को कमजोर करने के प्रयास होते हैं, फिर भी नारी अपनी शक्ति के साथ दुबारा उभरकर सामने आती है। गोपालपुरा पंचायत की प्रशासक सविता राठी ने कहा कि देश में बच्चियों के साथ ज्यादती होना विभत्स मानसिकता को दर्शाता है। ऐसे में हमें अपने बच्चों को आध्यात्मिकता की ओर ले जाना होगा, ताकि वो आपराधिक प्रवृति के न हों। राठी ने कहा कि आज बुरी आदतों को परिजन त्याग कर देंगे, तो वो आने वाली पीढ़ी में कभी नहीं पनप पायेगी। कार्यक्रम में अतिथियों का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर पूजा फूलफगर, राजकुमारी भूतोड़िया ने भी विचार प्रकट किए। इस अवसर पर सीताराम रिणवा, निवर्तमान पार्षद मनोज पारीक, दीनदयाल पारीक, बीके बालकिशन, राजकुमार प्रजापत, भंवरलाल बिजारणियां, रामाकिशन जांगिड़ आदि लोग मौजूद रहे। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।

## बाल रथयात्रा में बच्चों की रचनात्मकता और भक्ति का संगम



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** गुप्त वृंदावन धाम में आयोजित श्री जगन्नाथ बाल रथयात्रा महोत्सव में बच्चों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ आकर्षक रथ तैयार कर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। भगवान जगन्नाथ, बलदेव और सुभद्रा की सुंदर झांकियों से सजे रथ सभी के आकर्षण का केंद्र रहे। बच्चों ने बताया कि उन्हें रथ निर्माण की प्रेरणा मंदिर के आईसीवीके (इंडियन कल्चर वैल्यू फॉर किड्स) कार्यक्रम से मिली। रथों के निर्माण में कार्डबोर्ड, क्ले, रंग, आइसक्रीम स्टिक, रस्सी सहित विभिन्न हस्तशिल्प सामग्री का उपयोग किया गया। कई बच्चों ने स्वयं मिट्टी से भगवान जगन्नाथ, बलदेव और सुभद्रा की प्रतिमाएं तैयार की जबकि कुछ ने जगन्नाथ पुरी की ऐतिहासिक रथयात्रा से प्रेरित दो मंजिला रथ बनाए। कार्यक्रम में भव्या लेखवानी, पिहू सहित अनेक बच्चों की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। अभिभावकों ने भी बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए आयोजन में सक्रिय सहभागिता निभाई। बाल रथयात्रा के दौरान बच्चों ने जय जगन्नाथ के जयघोष के साथ रथ खींचे। आयोजन का उद्देश्य बच्चों को भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिक मूल्यों और भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा की परंपरा से जोड़ना रहा।

## 104.8 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** जयपुर पुलिस कमिश्नरेट की स्पेशल टीम एवं सिंधी कैंप थाना पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए ड्रग्स तस्करी के आरोप में मध्यप्रदेश के एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 104.8 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की है। फिलहाल आरोपित से पूछताछ की जा रही है। डीसीपी क्राइम संजीव नैन ने बताया कि जयपुर शहर में चलाए जा रहे अभियान के तहत सीएसटी को मादक पदार्थ तस्करी की सूचना मिली थी। इसके बाद सीएसटी और सिंधी कैंप थाना पुलिस ने स्टेशन रोड स्थित कानजी स्वीट्स एंड रेस्टोरेंट के पास संदिग्ध युवक की तलाशी ली। जिसमें उसके पास से 104.8 ग्राम स्मैक बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी कन्हैयालाल निवासी बारोल जिला राजगढ़, मध्य प्रदेश को मौके से गिरफ्तार किया गया। पुलिस आरोपी से स्मैक की खरीद-फरोख्त और सप्लाई नेटवर्क के संबंध में पूछताछ कर रही है।

## सम्पादकीय

# सड़कों की डिजाइनिंग



इस निर्णय से बहुत संतुष्ट नहीं हुआ जा सकता कि सड़क डिजाइनिंग की खामियों का आडिट करने वाली संस्थाओं से उनकी जिम्मेदारी छिनेगी और अब भारतीय राजमार्ग अभियंता अकादमी रोड सेफ्टी आडिटर्स को ट्रेनिंग देगी। ऐसे किसी निर्णय पर तो पहले ही पहुंच जाना चाहिए था, क्योंकि न तो सड़कों की खराब डिजाइनिंग का सिलसिला थम रहा है और न ही इस कारण होने वाले हादसे। सड़कों की खराब डिजाइनिंग को रोकने की व्यवस्था प्राथमिकता के आधार पर की जानी चाहिए थी, क्योंकि एक लंबे अर्से से यही सुनने को मिल रहा है कि बढ़ती मार्ग दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण सड़कों का खराब निर्माण और उनका डिजाइन सही न होना है।

यह सामान्य बात नहीं कि सड़कों की खराब डिजाइनिंग के कारण होने वाली दुर्घटनाओं का प्रतिशत 60 से अधिक है। क्या यह एक त्रासदी नहीं कि भारतीय राजमार्ग प्राधिकरण अभी तक ऐसे उपाय नहीं कर सका कि सड़कों की डिजाइन में कहीं कोई खामी न रहे? कोशिश तो इसकी होनी चाहिए कि किसी भी सड़क के निर्माण में डिजाइनिंग की कमी देखने को न मिले। यदि यह सुनिश्चित किया जा सकता तो फिर सड़कों की डिजाइन की पड़ताल करने की नौबत ही नहीं आती और यदि आती भी तो बहुत कम।

लगता है अपने देश में किसी को इसकी परवाह ही नहीं कि सड़क निर्माण के मानक विश्वस्तरीय हों। यह कहना कठिन है कि सड़कों की सही डिजाइनिंग करने वाले योग्य लोगों की कमी है। आशंका यही है कि योग्य लोगों की पहचान और उन्हें प्रोत्साहित करने की परिपाटी विकसित नहीं हो सकी है। भारतीय राजमार्ग अभियंता अकादमी रोड सेफ्टी आडिटर्स को ट्रेनिंग देने का कदम इसलिए उठाने जा रही है, क्योंकि आइआइटी दिल्ली, रुड़की के साथ केंद्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान यानी सीआरआरआइ की ओर से सेफ्टी आडिटर को दिए जाने वाले प्रशिक्षण को अपर्याप्त पाया गया।

देखना है कि नई व्यवस्था अपेक्षित परिणाम दे पाएगी या नहीं, क्योंकि इसे लेकर सुनिश्चित नहीं हुआ जा सकता कि जो काम आइआइटी दिल्ली, रुड़की के साथ सीआरआइआइ नहीं कर सकी, वह भारतीय राजमार्ग अभियंता अकादमी कर लेगी। बहुत संभव है कि वह बाहरी विशेषज्ञों और सलाहकारों की सहायता ले। इससे एक नई व्यवस्था तो आकार ले लेगी, लेकिन यह कहना कठिन है कि इससे समस्या का निदान भी हो जाएगा।

पिछले कुछ समय से यह देखने को मिल रहा है कि विभिन्न मंत्रालय और सरकारी विभाग विशेषज्ञ सलाहकारों की सेवाएं ले रहे हैं। कई बार तो ये सलाहकार ही संबंधित विभाग को निर्देशित और नियंत्रित करने लगते हैं। यदि सब कुछ सलाहकारों के हिसाब से और उनके ही जरिये होने वाला है तो फिर सरकारी अमला किसलिए है? आखिर वह अपने कार्यों के लिए जवाबदेह क्यों नहीं ठहराया जाता? यह वह यक्ष प्रश्न है, जिसका उत्तर सामने आना ही चाहिए।

## विशेष आलेख

# बेटियों की सुरक्षा का संकट, कानून से ज्यादा सोच की चुनौती



तकनीक के विकास के साथ-साथ मानवीय मूल्य और संवेदनाएं कमजोर होती जा रही हैं। इससे सामाजिक संबंधों के समक्ष विश्वास का संकट पैदा हो गया है। मानवीय मूल्य वे मूलभूत नैतिक मानक एवं सिद्धांत होते हैं, जो हमारे आचरण को दिशा देते हैं, जबकि संवेदनाएं दूसरों के सुख-दुख को महसूस करने की क्षमता हैं। ये दोनों मिलकर व्यक्ति को सामाजिक रूप से जिम्मेदार इंसान बनाते हैं। मगर जब मनुष्य की सोच से ये दोनों तत्त्व गायब हो जाएं, तो सभ्य समाज का आधार भी निर्बल हो जाता है। महिलाओं के खिलाफ हिंसा और यौन दुर्व्यवहार की बढ़ती घटनाएं भी इसी का नतीजा है। घरेलू हिंसा को तो समाज में कई बार सामान्य घटना के रूप में देखा जाता है। यही वजह है कि सख्त कानून होने के बावजूद इस तरह की घटनाओं पर अंकुश नहीं लग पा रहा है।

कई बार यौन दुर्व्यवहार के मामलों में दोषी को न्याय के कठघरे में लाने के बजाय समाज पीड़िता के पहनावे, रहन-सहन या आचरण को दोषी ठहराने लगता है। इससे ऐसा लगता है कि पितृसत्तात्मक समाज अपराधी को बचाने और महिलाओं को प्रताड़ित करने का समर्थन कर रहा है। स्त्रीवादी कैथरीन मैककिनन का मानना है कि बलात्कार पुरुष शक्ति और प्रभुत्व का एक चरम रूप है। इसके जरिए महिलाओं को डराकर और नियंत्रित करके रखा जाता है।

हाल की कुछ घटनाओं पर नजर डालें तो पता चलता है कि अपराधियों की मानसिकता किस हद तक विकृत होती जा रही है। राजस्थान के श्रीगंगानगर में एक बच्ची का अपहरण कर पांच दिन तक बत्तीस लोगों ने उससे बलात्कार किया। पश्चिम बंगाल के बुरुईपुरा में एक बच्ची से सामूहिक बलात्कार के बाद उसकी हत्या कर दी गई। उत्तर प्रदेश के बरेली में एक लड़की और हरदोई में एक बच्ची से बलात्कार के बाद हत्या कर दी गई। सवाल है कि क्या इन बच्चियों के साथ हुई यौन हिंसा के लिए भी उनके कपड़ों, व्यवहार और चाल-चलन को दोषी ठहराया जाएगा?

यह सच है कि पहले की तुलना में महिलाओं को अब अनेक अधिकार प्राप्त हैं, लेकिन इन सबके बावजूद उन्हें अपने अस्तित्व और अस्मिता की सुरक्षा का अधिकार अभी तक नहीं मिल पाया है। आए दिन सड़कों, ट्रेनों, बसों, घरों, खेतों और दफ्तरों में लड़कियों एवं महिलाओं को वह सब झेलना पड़ता है, जो अनैतिक और गैर-कानूनी है। फिर भी यह सब खुलेआम हो रहा है, जैसे उसे सामाजिक वैधता प्राप्त हो। सरकार की ओर से नए कानून बनाए जाते हैं या पहले से बने कानूनों में संशोधन किया जाता है, लेकिन सवाल यह है कि इन्हें सख्ती से लागू करने की जिम्मेदारी किसकी है? जांच प्रक्रिया इतनी धीमी और लापरवाही भरी होती है कि कई मामलों में पीड़िता को न्याय मिल ही नहीं पाता है और अगर कहीं न्याय मिलता भी है, तो उसके लिए वर्षों इंतजार करना पड़ता है।

महिलाओं की सुरक्षा पर केंद्रित कार्यशालाओं और बौद्धिक चर्चाओं में कई तरह की सावधानियां बरतने की सलाह दी जाती रही हैं। जैसे- गाड़ी में बैठने से पहले पिछली सीट पर देख लें, मोबाइल फोन में हेल्पलाइन नंबर रखें, रात में बाहर न निकलें, सोते समय सभी खिड़कियां बंद कर लें, अनजान लोगों से खाने-पीने की कोई वस्तु न लें, मिर्च स्प्रे साथ रखें, काम से घर जाते समय अपना रास्ता बदलते रहें और कोई संदेह होने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें। सवाल है कि ये सावधानियां बच्चों और किशोरियों को कैसे सिखाई जाएं। और क्या संभावित समस्याओं का हल केवल यही है कि लड़कियों एवं महिलाओं को ही सावधान रहना होगा। क्या वास्तव में इन सब सावधानियों से यौन हिंसा की घटनाएं रुक जाएंगी?

देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने कहा था कि किसी भी देश की स्थिति वहां की महिलाओं की स्थिति को देखकर ज्ञात की जा सकती है। यदि इस तर्क को सही माना जाए, तो फिर इस दावे के क्या मायने रह जाते हैं कि भारत दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं की पंक्ति में खड़ा है। जिस देश की आधी आबादी को यौन शोषण, घरेलू हिंसा, तेजाब हमले और दहेज के लिए हत्या जैसी अमानवीय घटनाओं का दंश झेलना पड़ रहा हो, उस देश की स्थिति क्या होगी, यह बताने की जरूरत नहीं है। अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर महिला दिवस मनाने या महिला सशक्तीकरण का उद्घोष करने से ही अगर उनकी स्थिति में बदलाव लाया जा सकता, तो अब तक यह सब हो चुका होता। दरअसल, सवाल यहां महिला सशक्तीकरण का है ही नहीं, उन्हें मजबूत या सशक्त बनाने की जरूरत नहीं है, क्योंकि वे पहले से ही मजबूत हैं। जरूरत है समाज में महिलाओं की ताकत का आकलन करने के नजरिए को बदलने की। अगर पुरुष समाज महिलाओं के प्रति अपने नजरिए को बदल ले, तो समस्या अपने आप समाप्त हो जाएगी।

सवाल है कि क्या बलात्कार को सामूहिक आतंकवाद की संज्ञा दी जा सकती है? आतंकवाद में भी भय उत्पन्न करके दूसरों के व्यवहार पर नियंत्रण स्थापित करने का प्रयास किया जाता है और बलात्कार में भी महिलाओं के व्यवहार को नियंत्रित कर उन पर अपना आधिपत्य स्थापित करने की कोशिश की जाती है। पहले के समय में बलात्कार की अधिकतर घटनाओं के लिए अपरिचित या अजनबी दोषी होता था, लेकिन अब परिवार, दोस्त और रिश्तेदारी के दायरे में भी महिलाएं यौन उत्पीड़न की शिकार हो रही हैं।

असल में महिलाओं को समाज में बराबरी का दर्जा तभी मिलेगा, जब उन्हें पुरुषों के समान सारे अधिकार मिलेंगे। लैंगिक समानता आधारित समाज वह होता है, जहां हर कोई जैसा है, वैसा रह सके। इसलिए जरूरत इस बात की है कि देश की न्यायिक और सामाजिक व्यवस्था में आमूल-चूल बदलाव किया जाए तथा महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर स्तर पर गंभीरता से प्रयास किए जाएं।

## स्वास्थ्य समाचार

# बैड बॉडी पॉश्चर की समस्या को दूर करने के लिए इन हैक्स की लें मदद

जब बात बैड बॉडी पॉश्चर की होती है, तो अक्सर लोग केवल कमर दर्द व गर्दन दर्द की ही बात करते हैं। यह सच है कि बैड बॉडी पॉश्चर के कारण व्यक्ति को इस तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। लेकिन बैड बॉडी पॉश्चर की समस्या इससे भी कहीं अधिक बड़ी है। आपको बैड बॉडी पॉश्चर के कारण सिरदर्द व तनाव हो सकता है। साथ ही इससे आपकी सेल्फ इमेज पर भी नेगेटिव असर पड़ सकता है और तरह-तरह की चोट लगने का खतरा भी बढ़ जाता है। अमूमन यह देखने में आता है कि अपने बैड बॉडी पॉश्चर को सुधारने के लिए लोग सिर्फ एक्सरसाइज का ही सहारा लेते हैं। लेकिन इसके अलावा भी ऐसे कुछ आसान हैक्स होते हैं, जो आपके बॉडी पॉश्चर को सुधारने में मदद कर सकते हैं।

### यूं उठाएं सामान

यह देखने में आता है कि लोग अक्सर एक ही तरफ से भारी सामान उठाते हैं और उसे ले जाते हैं। लेकिन ऐसा करने से बचें। इससे आपके कंधों पर झुकाव होता है और आपका बॉडी पॉश्चर भी खराब होता है।

### बैठते समय रखें ध्यान

जब आप बैठ रही हैं तो ऐसे सोफे पर बैठने से बचें जो अत्यधिक नरम और सर्पोटिव ना हों। इससे आपको एक बेहतर पोजिशन मेंटेन करने में समस्या होगी। इसके अलावा अपने पैरों को टाइटली क्रॉस करके बैठने से बचें, क्योंकि यह आपके पेल्विस को ट्विस्टेड पॉश्चर में रखता है और आपके पैरों में रक्त के संचार को कम करता है।

### एडजस्ट करें सीट

यह एक सिंपल हैक है, लेकिन आपके बॉडी पॉश्चर को सुधारने में बहुत अधिक मददगार है। कई बार ऐसा होता है कि आपकी सीट टेबल की हाइट से बहुत ऊंची या नीची होती है। जिसके कारण आप अपनी गर्दन को झुकाकर काम करतेहैं। इससे आपका बॉडी पॉश्चर खराब होता है और गर्दन में दर्द की समस्याहोती है। इसलिए, जब भी काम करें तो पहले अपनी सीट को एडजस्ट करें। ध्यान दें कि आपके कंप्यूटर की स्क्रीन आपके आई लेवल के बराबर हो।

### पैरों से जुड़ा हैक

वर्किंग लोग अधिकतर अपना समय बैठकर बिताते हैं, जिसके कारण बॉडी पॉश्चर को सुधारने के लिए आपको इस हैक की मदद लेनी चाहिए। ध्यान दें कि बैठते समय आपका वजन हिप्स व पैरों पर समान रूप से वितरित हो। इसके लिए आप अपने घुटनों को हल्का सा बेंड करके अपने पैरों को जमीन पर रखें। यदि आपके पैर जमीन तक नहीं पहुंच सकते हैं, तो आप फुटरेस्ट भी खरीद सकती हैं।

### जब करें मोबाइल फोन का इस्तेमाल

अमूमन लोग डेस्क पर काम करते हुए फोन कॉल भी अटेंड करते हैं। लेकिन आपको ऐसा करने से बचना चाहिए। जब आप बैठकर मोबाइल फोन यूज करते हैं तो ऐसे में आपका बॉडी पॉश्चर सही नहीं होता है। इसलिए, बॉडी पॉश्चर को बेहतर बनाने के लिए कोशिश करें कि आप कॉल को अटेंड करते समय चलने का प्रयास करें। कहा जाता है कि सक्रिय रहने से पूरे दिन अच्छा पॉश्चर बनाए रखने में मदद मिलती है।



### खुद से करें सवाल

बॉडी पॉश्चर को सुधारना एक ऐसी चीज है, जिसे आप एक दिन में नहीं कर सकते हैं। बल्कि आपको इसके लिए अपने लाइफस्टाइल में बदलाव करने की आवश्यकता है। जिसके कारण आपको अधिक अवेयर होना चाहिए। इसलिए, आप जब भी बैठे हों, फोन देख रहे हों या फिर कोई एक्टिविटी कर रही हों तो बीच-बीच में खुद से सवाल करती रहें कि क्या आपके कंधे झुके तो नहीं है। आपका बॉडी पॉश्चर सही है या नहीं। इस तरह जब आप खुद को बार-बार रिमाइंड करवाएंगी तो इससे आपको अपना बॉडी पॉश्चर सुधारने में मदद मिलेगी।

# सुबह धनिया के पत्ते उबालकर पीने से सेहत को मिलेंगे यह बेहतरीन फायदे

धनिया हम सभी के किचन का एक अहम हिस्सा है। सब्जियों, दाल, करी, चटनी, परांठा आदि विभिन्न दैनिक व्यंजन में हम सभी हरा धनिया का प्रयोग करते हैं। धनिये के पत्तों में एक बेहतरीन खुश्बू होती है, जिससे यह न सिर्फ हमारे भोजन को अद्भुत सुगंध प्रदान करता है, बल्कि उनका स्वाद भी बढ़ाता है। लेकिन क्या आप जानते हैं, यह सेहत के लिए भी बहुत लाभकारी होता है?

**लिवर को करे डिटॉक्स :** लिवर फंक्शन में सुधार और बेहतर बनाने में मदद मिलती है। इसे एक बेहतरीन डिटॉक्स ड्रिंक माना जाता है, क्योंकि यह शरीर में जमा गंदगी, अपशिष्ट पदार्थों, टॉक्सिन्स को हमारे शरीर से बाहर निकालने में मदद करते हैं। यह लिवर को साफ करते हैं और रक्त को भी शुद्ध करते हैं।

**त्वचा के लिए लाभकारी है :** शरीर और रक्त को डिटॉक्सिफाई कर उबले हुए धनिया की पत्तियों का पानी त्वचा की कई समस्याओं को दूर करता है। यह त्वचा पर मौजूद कील-मुंहासे और उनके जिद्दी निशानों को साफ करने में मदद गार है। यह ब्लैकहेड्स साफ और एजिंग के लक्षणों को कम करने में भी मदद करता है।

**डायबिटीज रोगियों के लिए लाभकारी है :** हाई ब्लड शुगर को कम करने और रक्त में ब्लड ग्लूकोज को सामान्य रखने में भी धनिया की पत्तियों का पानी पीने से बहुत फायदा मिलता है। हालांकि लो ब्लड ब्लड शुगर वाले लोगों को इसका सेवन करने की सलाह नहीं दी जाती है, क्योंकि उनका ब्लड शुगर लेवल पहले ही काफी कम होता है।

**पाचन रखे दुरुस्त :** पाचन संबंधी समस्याओं को दूर करने और पेट को स्वस्थ रखने में धनिया उबालकर पीना बहुत फायदेमंद होता है। यह पाचन में सुधार करने और भोजन से पोषक तत्वों के अवशोषण को बेहतर बनाने में मदद करता है।

**वजन प्रबंधन में मददगार है :** सिर्फ पाचन ही नहीं, बल्कि मेटाबॉलिज्म को बढ़ाने में भी धनिया बहुत लाभकारी होता है। नियमित सुबह खाली पेट धनिया की पत्तियों को उबालकर पीने से मेटाबॉलिज्म तेज होता है। जब आपके मेटाबॉलिज्म ठीक से काम करता है, तो आप दिन भर सामान्य फिजिकल एक्टिविटीज के दौरान भी कैलोरी बर्न करते हैं।

# दांतों को मोती जैसे चमकाने के लिए पुदीना नीम और मुलेठी से बनाएं टीथ व्हाइटनिंग पाउडर

सफेद और चमकते दांत, किसी की भी पर्सनालिटी में चार चांद लगा सकती है। मोतियों जैसी खिलखिलाती मुस्कान से आप किसी को भी अपनी तरफ आकर्षित कर सकते हैं। वहीं, पीले और गंदे दांतों की वजह से लोगों को कई बार शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है। अगर दांत साफ ना हो तो लोग खुलकर हंस भी नहीं पाते हैं। दांतों में पीलेपन के कई कारण हो सकते हैं जैसे गुटखा व पान का सेवन, स्मोकिंग बेकार ओरल हाइजीन या फिर गलत खानपान। पीले और गंदे बातों से परेशान लोग अक्सर टीथ व्हाइटनिंग पाउडर का इस्तेमाल करते हैं। लेकिन बाजार में मिलने वाले टीथ व्हाइटनिंग पाउडर काफी महंगे होते हैं।

**होममेड टीथ व्हाइटनिंग पाउडर बनाने की सामाग्री :**

- नीम और पुदीना की सूखी पत्तियां
- 1 चम्मच दालचीनी पाउडर
- 1 चम्मच मुलेठी पाउडर
- 1 चम्मच सेंधा नमक



- 1 चम्मच लॉन्ग का पाउडर

**होममेड टीथ व्हाइटनिंग पाउडर बनाने की विधि :** इस टीथ व्हाइटनिंग पाउडर को बनाने के लिए मिक्सी में सभी चीजों को अच्छी तरह से पीस लें। इस पाउडर को आप एयरटाइट कंटेनर में स्टोर करके रख सकते हैं।

**होममेड टीथ व्हाइटनिंग पाउडर इस्तेमाल करने का तरीका :** इस टीथ व्हाइटनिंग पाउडर को इस्तेमाल करने के लिए आपको एक चम्मच पाउडर अपनी हथेली पर लेना है। टूथब्रश की मदद से इससे दातों को हल्के हाथों से रोजाना साफ करें। इसके बाद साफ पानी से कुल्ला कर लें। इस टीथ व्हाइटनिंग पाउडर से रोजाना सुबह और रात में, दो बार ब्रश करें। इस टीथ व्हाइटनिंग पाउडर के इस्तेमाल से मुंह के कीटाणु खत्म होंगे।

**होममेड टीथ व्हाइटनिंग पाउडर के फायदे :** यह टीथ व्हाइटनिंग पाउडर दातों के लिए बहुत फायदेमंद है। सेंधा नमक से दांत प्राकृतिक रूप से सफेद और चमकदार बनते हैं। वहीं, नीम, पुदीने और मुलेठी से मसूड़े स्वस्थ रहते हैं। लौंग और दालचीनी की मदद से दातों पर जमा गंदगी दूर होती है और मुंह में मौजूद बैक्टीरिया को खत्म करने में भी मदद मिलती है।

**सफेद और स्वस्थ दांत पाने के लिए इन बातों का रखें ध्यान :**

- दांतों का पीलापन दूर करने के लिए अपने खानपान और ओरल हाइजीन का खास ख्याल रखें।
- दांतों में पीलापन और पायरिया से बचने के लिए नियमित रूप से डेंटल चेकअप कराते रहें।

## आज का राशिफल

### मेष

भाग्योन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। रोजगार प्राप्ति सहज ही होगी। व्यावसायिक यात्रा से लाभ होगा। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। निवेशादि शुभ रहेंगे। कारोबार में वृद्धि के योग हैं। किसी बड़ी समस्या का हल प्राप्त होगा। प्रसन्नता रहेगी। दूसरों के काम में हस्तक्षेप न करें।

### वृष

कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शारीरिक कष्ट संभव है। परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। कोई ऐसा कार्य न करें जिससे कि नीचा देखना पड़े। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। पराक्रम व प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। धनार्जन होगा।

### मिथुन

व्यर्थ भागदौड़ रहेगी। समय का अपव्यय होगा। दूर से दुःखद समाचार प्राप्त हो सकता है। विवाद से क्लेश होगा। काम में मन नहीं लगेगा। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। किसी व्यक्ति विशेष से अनबन हो सकती है। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

### कर्क

कष्ट, भय व चिंता का वातावरण बन सकता है। विवेक से कार्य करें। समस्या दूर होगी। कानूनी अड़चन दूर होकर स्थिति मनोनुकूल बनेगी। किसी वरिष्ठ व्यक्ति का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। कारोबारी लाभ में वृद्धि होगी। नौकरी में शांति रहेगी। सहकर्मियों का साथ मिलेगा।

### सिंह

प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी। शुभ समाचार मिल सकता है। शारीरिक कष्ट संभव है। अज्ञात भय रहेगा। लेन-देन में सावधानी रखें। चिंता रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा लाभदायक रहेगी। मित्रों का सहयोग कर पाएंगे। मान-सम्मान मिलेगा।

### कन्या

यात्रा मनोनुकूल लाभ देगी। राजभय रहेगा। जल्दबाजी व विवाद करने से बचें। थकान महसूस होगी। किसी के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। कोर्ट व कचहरी के काम अनुकूल रहेंगे। धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। पूजा-पाठ में मन लगेगा।

### तुला

कुसंगति से बचें। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। यात्रा मनोरंजक रहेगी। किसी मांगलिक कार्यक्रम में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता प्राप्त करेगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड में सोच-समझकर हाथ डालें।

### वृश्चिक

अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। कर्ज लेना पड़ सकता है। पुराना रोग उभर सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। किसी भी अपरिचित व्यक्ति पर अंधविश्वास न करें। चिंता तथा तनाव बने रहेंगे। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। शत्रु शांत रहेंगे। ऐश्वर्य पर खर्च होगा।

### धनु

शत्रु शांत रहेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। दूर से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। घर में प्रतिष्ठित अतिथियों का आगमन हो सकता है। व्यय होगा। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आय बनी रहेगी। दुष्?टजनों से दूर रहें। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

### मकर

व्यापार-व्यवसाय में बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। परीक्षा व साक्षात्कार आदि में सफलता प्राप्त होगी। निवेश शुभ रहेगा। भाग्य का साथ रहेगा। नौकरी में अनुकूलता रहेगी। प्रसन्नता रहेगी। कुबुद्धि हावी रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। विवाद से दूर रहें।

### कुंभ

आराम का समय मिलेगा। आशंका-कुशंका रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। कारोबारी नए अनुबंध हो सकते हैं, प्रयास करें। आय में वृद्धि होगी। सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। घर-बाहर पूछ-परख रहेगी।

### मीन

वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। शारीरिक शिथिलता रहेगी। काम में मन नहीं लगेगा। किसी अपने का व्यवहार प्रतिकूल रहेगा। पार्टनरों से मतभेद हो सकते हैं। नौकरी में अपेक्षानुरूप कार्य न होने से अधिकारी की नाराजी झेलना पड़ेगी।

## निहारिका ने पास की नीट यूजी परीक्षा, ग्रामीणों ने किया स्वागत

मलसीसर (नवयत्न)।

झटावा ग्राम पंचायत के बास हरिपुरा (खनारा का बास ) के पूर्व अध्यापक जीता राम नारनौलिया की पौत्री और भूपेश नारनौलिया की पुत्री निहारिका नारनौलिया ने नीट - 2026 परीक्षा में अखिल भारतीय स्तर पर 606 अंक प्राप्तकर स्ट में 191 वीं रैंक प्राप्तकर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया हैं। इनकी इस उपलब्धि पर गांव में खुशी का माहौल हैं। ग्रामीणों ने उनके घर पहुंचकर माल्यार्पण कर स्वागत और सम्मान किया। पूर्व अध्यापक रामसिंह नारनौलिया के सुपुत्र कमलेश नारनौलिया ने बताया कि गांव की लाडली निहारिका की सफलता गांव ही नहीं पुरे क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा हैं। वक्ताओ ने बताया कि निहारिका कठिन परिश्रम, अनुशासन, जीवनशैली और निरंतर अध्ययन के बल पर यह मुकाम हासिल किया हैं। ग्रामीणों ने निहारिका की प्रथम प्रयास में मिली उपलब्धि की क्षेत्र की बालिकाओ के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया। स्पष्ट लक्ष्य और कठिन परिश्रम और पूरी निष्ठा से प्रयास किया जाये तो कठिन परीक्षा में सफलता जरुर मिलती हैं। उपस्थित ग्रामीण महिलाओं और पुरुषो ने निहारिका को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और विश्वास व्यक्त किया कि निहारिका भविष्य में चिकित्सा के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा प्रदान कर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन करेंगी। इस मौके पर पूर्व अध्यापक गोपालराम नारनौलिया, ओरव, खुशी मोहम्मद, महेंद्र कुमार, राजेंद्र नारनौलिया, हरफुल सिंह सहित कई ग्रमीण महिलाये और पुरुष मौजूद रहे।

## सहायक उप निरीक्षक मेघवाल एवं कांस्टेबल दौलतराम का किया अभिनन्दन



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** संगम चौराहा स्थित निजी होटल में अनुसुचित जाति एवं जनजाति समाज की ओर से सजग प्रहरी पुलिस विभाग में कार्यरत एक एस आई सुरेश कुमार मेघवाल एवं कांस्टेबल दौलतराम का स्थानांतरण अन्यत्र स्थान पर होने पर बहुजन समाज की ओर से भव्य अभिनंदन समारोह का आयोजन रखा गया। इस अवसर पर एस आई सुरेश कुमार मेघवाल, अध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल, एएसआई श्याम सिंह, दौलतराम, भंवरलाल नायक आदि मंचस्थ अतिथि रहे। सुरेश कुमार मेघवाल का रतनगढ़ पुलिस थाना से सरदारशहर पुलिस थाना एवं दौलतराम का पुलिस थाना रतनगढ़ से राजलदेसर थाना स्थानांतरण होने पर बहुजन समाज के प्रबुद्धजनों ने माला शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। तत्पश्चात मेघवाल महासभा के अध्यक्ष भंवरलाल मेघवाल ने बाबा साहेब की प्रतिमा भेंट कर मेघवाल का अभिनंदन किया। इस मौके पर ओमप्रकाश माहिल, सुरेश कुमार घारू, मनोज कुमार मेघवाल भुखरेडी, एम आर मंडीवाल, छोटूराम बारोटिया, पूर्व पार्षद लालचंद पंवार, रामचंद्र माहिल, डुगरमल सोडा, सुनील कुमार, छगनलाल, सुरेन्द्र कुमार तालणियां आदि उपस्थित थे। भंवरलाल मेघवाल ने आभार व्यक्त किया।

## उप राष्ट्रपति से सम्मानित होकर पहुंचे विधायक श्रवण कुमार का किया स्वागत



कृष्ण कुमार गांधी

**सूरजगढ़ (नवयत्न)।** राजस्थान विधानसभा के 75 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित अमृत महोत्सव समारोह में उप राष्ट्रपति व विधानसभा अध्यक्ष द्वारा सूरजगढ़ विधायक श्रवण कुमार को जीवन पर्यन्त उपलब्धि सम्मान से सम्मानित किया गया। अमृत महोत्सव में सम्मानित होने के बाद रविवार को सूरजगढ़ पहुंचे विधायक श्रवण कुमार का नगर कांग्रेस व कार्यकर्ताओं द्वारा घरडू चौराहे पर भव्य स्वागत किया गया। विधायक का घरडु चौराहे पहुंचने पर कार्यकर्ताओं द्वारा माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष रामसिंह चेतीवाल के नेतृत्व में 151 फीट का साफा पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने घरडु चौराहे से डीजे के साथ बहाना रोड, स्टेशन रोड, मैन बाजार, शहीद स्मारक होते हुए विधायक आवास तक रैली निकाली। इस मौके पर पूर्व प्रधान शेर सिंह नेहरा, ब्लॉक अध्यक्ष सचिन शेखावत, बुहाना प्रधान हरिकिशन यादव, महिला कांग्रेस प्रवेश महासचिव नितु वर्मा, सिंघाना नगर अध्यक्ष धर्मपाल सैनी, सांवरमल सैनी, पारस मेचु, मान सिंह सहारण, रघुवीर मुरादपुर, अशोक कटेवा, बाबुलाल कालोडिया, बिहारी लाल ढिल्लन, सोनु पंडित, अजयपाल ठिंचोली, कुलदीप डुमौली, रफीक खान, बुधराम गढ़वाल, देवी सिंह ओला, जशवंत मेघवाल, सुरेश बड़गुजर, संजय चौधरी, पप्पू चौधरी, कपिल शाह, रघुवीर स्वामी, रविकांत यादव, सत्यवीर गजराज, काकोडा सरपंच संदीप डैला, योगेश सोनी सहित सैंकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** स्थानीय प्रगति नगर में राष्ट्रीय लोकदल के कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें इलियास खान राजस्थान अध्यक्ष राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ राजस्थान ने कहा संगठन को चूरू जिले में मजबूत करने किए जाने की आवश्यकता है। चूरू जिला अध्यक्ष भंवर लाल गहलोत, चूरू जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के समीर खान खोखर को कहा कि पन्द्रह दिनों में एक बार एक तहसील का दौरा करें और चौधरी चरण सिंह की रीति नीतियों का प्रचार कर लोगों को राष्ट्रीय लोकदल से जोड़े। भंवरलाल गहलोत ने विश्वास दिलवाया के सादुलपुर, तारानगर, चूरू, सरदारशहर, रतनगढ़, सुजानगढ़, बीदासर के लोगों से जनसपंर्क किया जायेगा ताकि 2028 के विधानसभा चुनावों में हम अपना प्रत्याशी खड़ा कर सकें। बैठक में हाकम अली अगवान, मुहम्मद अली तगाला, हीरालाल शर्मा, अमर सिंह, बाबू खान, सुरेश चौहान, मुहम्मद अयूब, मुहम्मद माहिर, इरफान काजी, राहुल सैन, शिवप्रसाद, ताराचंद सामौता, हाकम अली खान, मोहित प्रजापत, मनीष प्रजापत, विजय गुजराती, जेठा राम लुहार सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# धन्नावंशी बैरागी समाज ने किया अभिनन्दन

अबूबकर बल्खी

**लाडनूं (नवयत्न)।** मंगलपुरा स्थित धन्नावंशी बैरागी समाज भवन में भाजपा नेता ठाकुर करणी सिंह का अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर स्वामी समाज के प्रबुद्धजनों, कर्मचारियों एवं युवाओं द्वारा साफा, माला पहनाकर आत्मीय मान-सम्मान किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा नेता करणी सिंह ने कहा कि धन्नावंशी बैरागी समाज सदैव जागरूक एवं सामाजिक चेतना से परिपूर्ण रहा है। समाज के लोगों द्वारा दिया गया आत्मीय स्नेह, सम्मान और अपनत्व उनके लिए अविस्मरणीय रहेगा। उन्होंने कहा कि समाज के विश्वास और सहयोग से उन्हें जनसेवा के लिए नई ऊर्जा मिली है तथा वे भविष्य में भी समाज और क्षेत्र के विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करते रहेंगे। गोविन्द सिंह कसुम्बी ने कहा कि बैरागी स्वामी समाज हमेशा जागरूक और शिक्षित समाज के रूप में अपनी पहचान रखता है। उन्होंने समाज से संगठित होकर राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।



कार्यक्रम में लाडनूं भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष गौतमदत्त शास्त्री, जिला मंत्री भाजपा नितेश माथुर, भवानी सिंह घिरडोदा, छपारा प्रशासक मूल सिंह राठौड़, ऑडिंट प्रशासक गणेश चबराल, कालू सिंह हुडास, पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष जयवीर सिंह, गोविंद सिंह कसुम्बी, एडवोकेट रविन्द्र सिंह दुजार सहित धन्नावंशी बैरागी समाज अध्यक्ष भंवरलाल कसुम्बी, छगनदास भिड़ासरी, रामेश्वरदास खंगार सहित समाज के विशिष्ट जन उपस्थित रहे।

# सीएलजी बैठक में उठे जनहित के मुद्दे

मधु दहिया

**बुहाना (नवयत्न)।** बुहाना पुलिस थाना परिसर में रविवार को नागरिक लोक सहयोग समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीएसपी नोपाराम भाकर ने की। इसमें स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और सीएलजी सदस्यों ने भाग लेकर क्षेत्र की कानून-व्यवस्था एवं जनसमस्याओं पर अपने सुझाव रखे। बैठक में कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण, यातायात प्रबंधन, साइबर अपराधों की रोकथाम, महिला एवं बाल सुरक्षा तथा नशा मुक्ति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। डीएसपी नोपाराम भाकर ने उपस्थित सदस्यों की समस्याओं और सुझावों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस और समाज के बेहतर समन्वय से ही अपराधों पर प्रभावी



नियंत्रण संभव है। उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें तथा साइबर अपराधों से बचाव के लिए लोगों को जागरूक करें। थानाधिकारी राम मनोहर ने भी स्थानीय नागरिकों से संवाद बनाए रखने और क्षेत्रीय समस्याओं का समयबद्ध समाधान करने पर जोर दिया। बैठक के दौरान नागरिकों ने सतनाली रोड पर कैंटीन के पास दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए बैरीकेड लगाने की मांग रखी। डीएसपी नोपाराम भाकर ने इस मांग को स्वीकार करते हुए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। बैठक में नरेश कुमार, सुभाष सिंह, किरोड़ी नम्बरदार, रावत सिंह, भवानी सिंह, विक्रम सिंह, विजेंद्र कुमार, दशरथ सिंह, बजरंगलाल, विजय कुमार, प्रताप सिंह नाड़िया, कृष्ण कुमार, बाबूलाल शर्मा, अजित सिंह, मनोज कुमार, सुनीता घसेड़ा, अनिता, शर्मिला जयसिंहपुरा, सुनीता, मंजू देवी, उमराव सिंह, रामावतार जांगिड़, श्यामलाल सैन सहित अन्य सीएलजी सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# नि:शुल्क नेत्र जांच व चश्मा वितरण शिविर में उमड़ी भीड़

निसं

**सरदारशहर (नवयत्न)।** अल्प संख्यक सेवा संस्थान, चूरू के तत्वावधान में रविवार को बड़ा बास पंचायत भवन में आयोजित नि:शुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण शिविर में लोगों का उत्साह देखने को मिला। शिविर शुरू होते ही महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। शिविर में 200 से अधिक लोगों का रजिस्ट्रेशन हुआ। शिविर में अनुभवी नेत्र विशेषज्ञों द्वारा लोगों की आंखों की नि:शुल्क जांच की जा रही है।

जांच के दौरान मोतियाबिंद, धुंधला दिखाई देना, आंखों में जलन, कम दिखाई देना सहित विभिन्न नेत्र संबंधी समस्याओं का परीक्षण किया जा रहा है। पात्र एवं जरूरतमंद लोगों को जांच के बाद नि:शुल्क चश्में भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उपाध्यक्ष रणवीर सिंह राठौर आसूसर वाले और सचिव रमीज खान भाईखानी ने बताया कि शिविर में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की अच्छी



भागीदारी देखने को मिली। आमजन की सुविधा को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से की गई हैं ताकि प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें। अल्प संख्यक सेवा संस्थान के अध्यक्ष भवानी शंकर नायक ने बताया कि संस्था लंबे समय से शिक्षा, स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवा के क्षेत्र में कार्य कर रही है। इस प्रकार के शिविरों का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों तक नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना और आंखों से जुड़ी समस्याओं का समय पर उपचार सुनिश्चित करना है। शिविर में अभी भी लोगों का आना जारी है और रजिस्ट्रेशन की संख्या लगातार बढ़ रही है।

इस दौरान अल्प संख्यक सेवा संस्थान के अध्यक्ष भवानी शंकर नायक, उपाध्यक्ष रणवीर सिंह राठौर आसूसर वाले, सचिव रमीज खान भाईखानी, कोषाध्यक्ष अब्दुल हमीद पंवार, सदस्य महबूब किलानिया, इस्ताक खान तारखानी, परमेश्वर लाल जाट, भवानी सिंह शेखावत, दिलीप, गोविंद, सलीम गौड़, मुबारिक दायमखानी, खालिद सिसोदिया, डॉ चन्दन, अर्जुन शर्मा, जाहिद किलानीया आदि ने शिविर में अपनी सेवाएं देकर शिविर को सफल बनाया।

# कम चर्चित पर्यटन स्थलों को भी मिले बढ़ावा : दिया कुमारी

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** दिल्ली रोड स्थित होटल फेयरमोंट में रविवार से दो दिवसीय इंटरनेशनल वेडिंग एंड टूरिज्म कॉन्क्लेव सीजन-3 का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन उपमुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री दिया कुमारी तथा आंध्र प्रदेश के पर्यटन मंत्री कुंडला दुर्गेश ने किया। कॉन्क्लेव में देश-विदेश से 600 से अधिक प्रतिनिधि वेडिंग, पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी उद्योग के भविष्य, नवाचार और वैश्विक सहयोग पर मंथन कर रहे हैं। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि राजस्थान में पर्यटन और डेस्टिनेशन वेडिंग की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने आयोजकों से अप्रैल से अक्टूबर के ऑफ सीजन में भी अधिक वेडिंग, कॉर्पोरेट और पर्यटन आधारित कार्यक्रम आयोजित करने का आग्रह किया ताकि पर्यटन गतिविधियां सालभर बनी रहें और रोजगार व अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिले। उन्होंने जयपुर, उदयपुर और जोधपुर के साथ बीकानेर, जैसलमेर, पुष्कर, शेखावाटी, बांसवाड़ा, डूंगरपुर, चित्तौड़गढ़, भरतपुर, सवाई माधोपुर,




कुंभलगढ़, राजसमंद, बूंदी और कोटा जैसे कम चर्चित पर्यटन स्थलों को भी समान रूप से बढ़ावा देने की आवश्यकता बताई। आंध्र प्रदेश के पर्यटन मंत्री कुंडला दुर्गेश ने कहा कि राज्य के समुद्री तटों, आध्यात्मिक स्थलों और सांस्कृतिक धरोहर को वैश्विक वेडिंग एवं पर्यटन उद्योग से जोड़ने में ऐसे मंच महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कॉन्क्लेव में ऋतुराज खन्ना ने वेडिंग इंडस्ट्री में प्रोफेशनलिज्म, नवाचार और नेटवर्किंग की भूमिका पर प्रकाश डाला। वहीं अंतर्राष्ट्रीय पैनल चर्चा में कैप्टन बाली, वियतनाम के न्गुएन ट्रंग हियू, फ्रांस के जीन ल्यूक बेनहेम और इस्लाम चौधरी ने वैश्विक डेस्टिनेशन वेडिंग्स की चुनौतियों और संभावनाओं पर विचार साझा किए। सुनीत आर्या ने अमेरिका में भारतीय वेडिंग बाजार की बढ़ती संभावनाओं पर प्रस्तुति देते हुए बताया कि भारतीय वेडिंग इंडस्ट्री वैश्विक स्तर पर 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का बाजार बन चुकी है। कॉन्क्लेव के प्रमुख आकर्षण मॉक बारात और वेड-वाह ब्राइडल स्टाइल वॉक रहे। ब्राइडल शो में मिस राजस्थान और मिसेज राजस्थान की मॉडल्स ने डिजाइनर मधुर चेतवानी के ब्राइडल कलेक्शन का प्रदर्शन किया। शो का निर्देशन निमिषा और योगेश मिश्रा, मेकअप जस्सी छाबड़ा, कोरियोग्राफी सुधीर राजोरा ने की जबकि मिस ओशन इंडिया हिना ठाकुर शो स्टॉपर रहीं।

## युवा गणितज्ञ देवअरस्तू पंचारिया का किया अभिनंदन



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी लंदन में गणित और भौतिकी विषय में पत्रवाचन के लिए आमंत्रित सिंथल बीकानेर के युवा गणितज्ञ देवअरस्तू पंचारिया का ट्रेन से दिल्ली जाते वक्त रेलवे स्टेशन पहुंचने पर पंचायत समिति मंत्रालयिक कर्मचारी संघ शाखा सदस्यों द्वारा अभिनंदन किया गया। संघ के प्रवक्ता मनोज चारण ने बताया कि युवा गणितज्ञ देवअरस्तू पंचारिया को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी लंदन द्वारा गणित और भौतिक विज्ञान में पत्रवाचन करने के लिए आमंत्रित किया गया है जो कि, न केवल हमारे बीकानेर संभाग के लिए बल्कि राजस्थान और पूरे भारत के लिए गौरव का विषय है। ज्ञातव्य है कि देवअरस्तू गांधी विद्या मंदिर सरदारशहर के मानद प्रोफेसर हैं जिन्होंने गणित की दुनियां में अपने विभिन्न शोधों से भारतीय गणित परम्परा को एक नया आयाम दिया है। दिल्ली जाने वाली ट्रेन पर देवअरस्तू का सेवानिवृत लेखाधिकारी सफी मोहम्मद तथा अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी मोहनसिंह राठौड़ ने शॉल ओढ़ाकर व माल्यार्पण कर अभिन्नदन किया। देवअरस्तु के पिताजी शैलेंद्र पंचारिया का भी माल्यार्पण से स्वागत किया गया। इस अवसर पर प्रमोद स्वामी, कनिष्ठ सहायक राजकुमार, हरीश स्वामी, मोहम्मद साजिद सहित अन्य गणमान्य स्टाफसदस्य उपस्थित रहे।

## साइकिल चलाकर अधिकारियों ने दिया फिटनेस का संदेश



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** 24 जुलाई को मनाए जाने वाले 167वें आयकर दिवस के उपलक्ष्य में रविवार को आयकर विभाग राजस्थान की ओर से फिट इंडिया आंदोलन के समर्थन में साइक्लोथॉन का आयोजन किया गया। प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त राजस्थान सुमित कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वस्थ एवं सक्रिय जीवन शैली को बढ़ावा देना रहा। स्टैच्यू सर्किल स्थित आयकर कार्यालय से प्रधान आयकर आयुक्त रितेश परमार ने साइक्लोथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली जेएलएन मार्ग से होते हुए पुनः प्रारंभिक स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान प्रधान आयकर आयुक्त मनोज कुमार महर, आयकर आयुक्त अनिल कुमार भारद्वाज, एकता जैन, शैलेन्द्र शर्मा, अपर आयकर आयुक्त गौतम सिंह सहित विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वयं साइकिल चलाकर भाग लिया और नियमित साइक्लिंग को स्वस्थ व अनुशासित जीवनशैली का प्रभावी माध्यम बताया। आयकर दिवस सप्ताह के तहत ज्योति नगर और मालवीय नगर स्थित आयकर कॉलोनियों में बच्चों की चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इसी क्रम में सप्ताह भर विभिन्न विद्यालयों में भी पेंटिंग प्रतियोगिताएं होगी। वहीं मंगलवार को आयकर कॉलोनियों और चयनित स्कूलों में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया जाएगा। अधिकारियों ने कहा कि आयकर विभाग अपने कार्मिकों की निष्ठा और समर्पित सेवाओं के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में निरंतर महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

## बीस फीट गहरे गड्ढे में दबे दो मजदूर, समय रहते रेस्क्यू कर बचाई जान



**जयपुर (नवयत्न)।** करणी विहार थाना क्षेत्र के मीणावाला स्थित अलंकार मोड़ के पास रविवार शाम नई सीवरेज लाइन का चेंबर डालने के दौरान मिट्टी ढहने से 20 फीट गहरे गड्ढे में काम कर रहे दो मजदूर दब गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और साथी मजदूरों की मदद से तत्काल रेस्क्यू अभियान चलाकर दोनों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। थानाधिकारी हवा सिंह ने बताया कि शाम करीब पांच बजे सीवरेज लाइन का चेंबर डालने के लिए दोनों मजदूर गड्ढे में उतर कर काम कर रहे थे। इसी दौरान अचानक मिट्टी धंस गई और दोनों मजदूर उसके नीचे दब गए। सूचना मिलने पर पुलिस और अन्य मजदूरों ने तुरंत राहत कार्य शुरू किया। करीब पांच मिनट की मशक्कत के बाद दोनों मजदूरों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। प्राथमिक उपचार के लिए उन्हें एसएमएस अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत सामान्य बताई गई। पुलिस के अनुसार समय रहते रेस्क्यू किए जाने से दोनों मजदूरों की जान बच गई। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

## खरीफ फसलों में रोग एवं कीट प्रबंधन पर भेंटवार्ता रिकॉर्ड, 24 को होगा प्रसारण

**चूरू (नवयत्न)।** आकाशवाणी चूरू के स्टूडियो में किसानवाणी एवं खेती और गृहस्थी कार्यक्रमों के लिए खरीफ फसलों में रोग एवं कीट प्रबंधन विषय पर भेंटवार्ता रिकॉर्ड की गई। कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार के साथ हुई इस भेंटवार्ता में कृषि विशेषज्ञ डॉ मुकेश शेषमा ने बाजरा, ग्वार, मूंग एवं मोठ की खरीफ फसलों में लगने वाले प्रमुख रोगों एवं कीटों की विस्तार से जानकारी दी तथा यांत्रिक एवं रासायनिक विधियों से इनके नियंत्रण के उपाय बताए। उन्होंने किसानों से जैविक खेती को बढ़ावा देने की अपील की। कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार ने स्थानीय कृषि-जलवायु को ध्यान में रखते हुए रोग नियंत्रण पर विशेष जोर दिया। कार्यक्रम प्रमुख विनोद हल्किया ने डॉ मुकेश शेषमा एवं किसानों का आभार व्यक्त किया। यह भेंटवार्ता 24 जुलाई को सायं 7 बजे आकाशवाणी चूरू पर खेती और गृहस्थी कार्यक्रम में प्रसारित की जाएगी।

# रोज की भागदौड़ से दूर बिताना चाहते हैं सुकून के पल, तो अरुणाचल की ये जगह होंगी परफेक्ट

घूमना-फिरना हर किसी को काफी पसंद होता है। रोज की भागदौड़ और काम के लगातार बढ़ते प्रेशर की वजह से लोग अक्सर काफी परेशान रहने लगते हैं। ऐसे में अपने बिजी और बोरिंग शेड्यूल से थोड़ा ब्रेक लेने के लिए लोग छुट्टियों की प्लानिंग करते हैं। अपने वेकेशन के लिए लोग अक्सर ऐसी जगहों का चुनाव करते हैं, जहां वह सुकून के कुछ पल बिता सके। अगर आप भी आने वाले दिनों में कभी वेकेशन का प्लान बना रहे हैं, तो आप अरुणाचल प्रदेश जा सकते हैं। प्राकृतिक सुंदरता से भरपूर यह राज्य आपके सुकून के कुछ पल बिताने के लिए परफेक्ट जगह साबित होगी।





## तवांग मठ

तवांग मठ भारत का सबसे बड़ा मठ है और दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण बौद्ध मठों में से एक है। यह अरुणाचल प्रदेश के तवांग जिले में चीन की सीमा के करीब स्थित है। मठ की स्थापना 17वीं शताब्दी में तिब्बती लामा मेराक लामा ने की थी। यह मठ मूर्तियों, चित्रों और पांडुलिपियों सहित बौद्ध कलाकृतियों का एक बड़ा संग्रह है। यह दुनिया भर के बौद्धों के लिए एक लोकप्रिय तीर्थस्थल भी है।

## जीरो वैली

जीरो वैली अरुणाचल प्रदेश के निचले सुबनसिरी जिले में स्थित एक खूबसूरत घाटी है। यह घाटी अपनी हरी-भरी पहाड़ियों, सीढ़ीदार खेतों और पारंपरिक गांवों के लिए जानी जाती है। यह कई जनजातीय संस्कृतियों का भी घर है, जिनमें अपातानी, न्यीशी और गैलो जनजातियां शामिल हैं। जीरो वैली एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है, खासकर वार्षिक जीरो म्यूजिक फेस्टिवल के दौरान, जो नवंबर में आयोजित होता है।

## नामदाफा राष्ट्रीय उद्यान

नामदाफा राष्ट्रीय उद्यान भारत का सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान है और दुनिया के सबसे जैव विविधता वाले क्षेत्रों में से एक है। यह अरुणाचल प्रदेश के चांगलांग जिले में म्यांमार की सीमा के करीब स्थित है। यह पार्क बाघ, हाथी, गैंडा और क्लाउडेड तेंदुए सहित विभिन्न प्रकार के जीवों का घर है। यह कई दुर्लभ और लुप्तप्राय प्रजातियों का भी घर है, जैसे मिशमी टैकिन और हूलॉक गिब्बन।

## सेला दर्रा

सेला दर्रा अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम कामेंग जिले में स्थित एक ऊंचाई वाला दर्रा है। दर्रा 13,700 फीट (4,180 मीटर) की ऊंचाई पर है और भारत में सबसे ऊंची मोटर योग्य सड़क है। इस दर्रे आसपास के पहाड़ों और घाटियों का अद्भुत नजारा देखने को मिलता है। यह ट्रैकिंग और माउंटेन बाइकिंग के लिए भी एक लोकप्रिय डेस्टिनेशन है।

## मेचुका घाटी

मेचुका घाटी अरुणाचल प्रदेश के पश्चिम सियांग जिले में स्थित एक खूबसूरत घाटी है। यह घाटी अपनी हरी-भरी पहाड़ियों, देवदार के जंगलों और गर्म झरनों के लिए जानी जाती है। यह टैगिन और हिल मिरी जनजातियों सहित कई आदिवासी संस्कृतियों का भी घर है। मेचुका घाटी एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है, खासकर सर्दियों के महीनों में, जब घाटी बर्फ से ढकी होती है।



# एबॉट माउंट नहीं गए तो फिर उत्तराखंड आपका घूमना है बेकार

उत्तराखंड देश का एक ऐसा राज्य है जहां घूमने के लिए हर मौसम में लाखों देशी और विदेशी सैलानी पहुंचते रहते हैं। उत्तराखंड की हसीन वादियों में मौजूद ऐसी कई जगहें हैं, जहां कई बार घूमने के बाद भी मन को तृप्ति नहीं मिलती है। इसलिए कई सैलानी एक ही जगह पर दो से तीन बार भी घूमने के लिए पहुंच जाते हैं। मसूरी, नैनीताल, अल्मोड़ा, रानीखेत या ऋषिकेश आप कई बार घूमने गए होंगे, लेकिन अगर आपसे पूछा जाए कि क्या उत्तराखंड की हसीन वादियों में मौजूद एबॉट माउन्ट के बारे में जानते हैं या कभी घूमने गए हैं?



### एबॉट माउंट कहां है?

एबॉट माउंट में मौजूद कुछ बेहतरीन जगहों के बारे में जानने से पहले यह जान लेते हैं कि यह उत्तराखंड के किस हिस्से में मौजूद है। एबॉट माउंट उत्तराखंड के चंपावत जिले का एक खूबसूरत पर्यटन स्थल है। एबॉट माउंट उत्तराखंड के लोहाघाट से लगभग 8 किमी की दूरी पर स्थित है। समुद्र तल से 7 हजार फीट की ऊंचाई पर मौजूद एबॉट माउंट के बारे में कहा जाता है कि अंग्रेजों से बसाया था। इस स्थान का नाम अंग्रेजी व्यवसायी जॉन हेरोल्ड एबॉट के नाम पर रखा गया है।

### एबॉट माउंट क्यों प्रसिद्ध है?

एबॉट माउन्ट हिमालय की गोद में मौजूद एक बेहद ही खूबसूरत और मनमोहक स्थान है। उत्तराखंड की सबसे लंबी, उंची और चौड़ी पर्वत श्रृंखलाओं के बीच में मौजूद होने के चलते देशी और विदेशी पर्यटकों के बीच काफी फेमस माना जाता है। घने जंगलों के बीच में मौजूद एबॉट माउंट में एक से एक बेहतरीन यूरोपीय अंदाज में निर्मित बंगला भी मौजूद हैं।

### एबॉट माउन्ट में घूमने की जगहें

**लोहाघाट :** एबॉट माउन्ट के आसपास घूमने की बात होती है तो सबसे पहले लोहाघाट का नाम जरूर शामिल रहता है। ऊंचे-ऊंचे पहाड़ों, खूबसूरत देवदार के पेड़ और मनमोहक झीलों के बीच में मौजूद लोहाघाट घूमने के लिए एक बेस्ट स्थान है। नेचर लवर्स के लिए किसी जन्नत से कम नहीं है। आपको बता दें कि एबॉट माउंट से लोहाघाट 7 किमी की दूरी पर मौजूद है।

**एबॉट माउंट चर्च :** एबॉट माउंट की हसीन वादियों में मौजूद एबॉट माउंट चर्च भी घूमने के लिए एक बेस्ट स्थान है। समुद्र तल से लगभग 6 हजार से भी अधिक फीट की ऊंचाई पर मौजूद इस चर्च तक पहुंचने के लिए ट्रैकिंग भी सकते हैं। कहा जाता है कि इस खूबसूरत चर्च का निर्माण 1942 में किया गया था।

**चिनेश्वर वॉटरफॉल :** चिनेश्वर वॉटरफॉल एक बेहद ही खूबसूरत और मनमोहक वॉटरफॉल है। इस वॉटरफॉल को कुमाऊं क्षेत्र का छिपा हुआ खजाना माना जाता है।

# मसूरी और शिमला घूमकर हो चुके हैं बोर, तो अब इन जगहों को करें ट्राई

चिलचिलाती गर्मी अपने पैर पसार चुकी है और हर कोई इससे राहत पाने के लिए ठंडी जगहों की ओर रुख कर रहा है। भारत में कई ठंडे डेस्टिनेशन्स हैं, जहां गर्मी के मौसम में टूरिस्ट्स की भीड़ उमड़ पड़ती है, जिससे सुकून और शांति की तलाश में पहुंचे लोगों को वहां भी राहत नहीं मिलती और केवल भीड़ का हिस्सा बनकर वे वापस लौट आते हैं। इसीलिए आज हम आपको कुछ ऐसे ऑफबीट डेस्टिनेशन्स के बारे में बताएंगे, जहां पहुंचकर आपको फ्रेश और रिलैक्स फील होगा।



### चेरापूंजी, मेघालय

यह जगह भारत के उत्तर पूर्वी राज्य मेघालय में स्थित एक स्वर्ग की तरह है, जो चारों तरफ से प्रकृति से घिरी हुई है। यह जगह जंगलों, पहाड़ों और झरनों से भरी हुई है, जिसकी वजह से यह एक आइडियल समर डेस्टिनेशन है। इस जगह के मुख्य आकर्षणों में से एक यहां के लिविंग रूट ब्रिजेस हैं, जो स्थानीय लोगों द्वारा किए गए बायोइंजीनियरिंग का परिणाम हैं।

### खज्जर, हिमाचल प्रदेश

हिमाचल प्रदेश में स्थित खज्जर को भारत का स्विट्जरलैंड कहा जाता है, जो डलहौजी के पास एक शांत और सुंदर गांव है। यह जगह केवल गर्मी ही नहीं बल्कि साल भर अपनी प्राकृतिक सुंदरता से भरी रहती है। इस जगह पर जाकर आप ट्रेकिंग, घुड़सवारी, पैराग्लाइडिंग समेत और भी बहुत सारी एडवेंचरस एक्टिविटीज कर सकते हैं।

### कुन्नूर, तमिलनाडु

मशहूर जगहों पर जाने का एक नुकसान है कि वहां की भीड़-भाड़ आपको थका देती है। ऐसे में कुन्नूर एक और शांत डेस्टिनेशन है जहां जाकर आपको सुकून का अनुभव होगा। तमिलनाडु में स्थित कुन्नूर एक ऐसी जगह है, जहां यात्रा के दौरान आपको काफी खूबसूरत और आकर्षक नजारे देखने को मिलेंगे।

### तवांग, अरुणाचल प्रदेश

अरुणाचल प्रदेश के तवांग में मौजूद खूबसूरत और सीनिक व्यू में आप खो सकते हैं। यह जगह भी भीड़ से दूर है, जिसकी एक वजह यह भी है कि भारतीय पर्यटकों को भी इस स्थान पर जाने के लिए एक विशेष इनर लाइन परमिट की जरूरत होती है।

# घूमने का बना रहे प्लान तो जरूर एक्सप्लोर करें मिर्जा गालिब की हवेली, दीवारों पर लिखी हैं शायरियां

दिल्ली में रहने वाले एक मशहूर शायर, जिन्होंने अंग्रेजों और मुगलों के जमाने में अपना नाम इस कदर रोशन किया कि लोग आज भी उन्हें याद करते हैं। यह शायर अपनी बेबाक शेर-ओ-शायरी के लिए जाने जाते हैं। बता दें कि हम मिर्जा गालिब की बात कर रहे हैं। बताया जाता है कि गालिब की शायरी एक नशे की तरह है। जिसे जितना ही पढ़ा जाए, उतना कम हैं। गालिब की शायरी को लेकर इश्क, प्यार और मोहब्बत की दास्तां लिखी जा सकती है। बता दें कि कहीं ना कहीं गालिब की शायरी का दर्द उनके जीवन की कहानी था। आपको उनका यह दर्द गालिब की हवेली में देखने को मिलेगा। अगर आप भी शहंशाह मिर्ज़ा गालिब को समझना और जानना चाहते हैं। तो आपको एक बार गालिब की हवेली को जरूर एक्सप्लोर करना चाहिए। यह हवेली अब म्यूजियम में तब्दील हो चुकी है। बताया जाता है कि बल्लीमारान की इसी हवेली में गालिब ने अपनी जिंदगी की आखिरी रात काटी थी।



### गालिब की हवेली का इतिहास

वैसे तो शायर गालिब आगरा के रहने वाले थे। उनका जन्म साल 1797 में काला महल नामक एक जगह पर हुआ था। लेकिन वह महज 11 साल की उम्र में ही दिल्ली आ गए थे। इसके बाद साल 1812 में गालिब ने उमराव बेगम से शादी कर ली। दिल्ली वही जगह है, जहां पर असदुल्ला बेग खां ने गालिब के नाम से शायरी लिखना शुरू किया था। इसलिए कहा जाता है कि गालिब का जन्म दिल्ली में हुआ था। लेकिन यह हवेली 19वीं सदी में गालिब की रहने की जगह थी। उन्होंने यह हवेली खरीदी नहीं थी। बल्कि उनको यह हवेली उपहार में मिली थी। कहा जाता है कि इसी घर में गालिब ने आखिरी साल बिताए थे।

### हवेली की खासियत

आपको गालिब की हवेली में सिर्फ उनकी शायरी ही नहीं बल्कि गालिब की जिंदगी से जुड़ी चीजों को देखने का भी मौका मिलेगा। हवेली के अंदर जाते ही संगमरमरी बुत पर गालिब की कई किताबें रखी हुई मिलेंगी। इसके अलावा गालिब और उनके परिवार द्वारा इस्तेमाल किए गए बर्तन, सामान और कपड़ों को शीशे के फ्रेम में दिखाया गया है। इसके अलावा हवेली के गलियारे में गालिब की पेंटिं हैं। इस पेंटिंग में वह हुक्का पीते हुए दिखाए गए हैं।

### हवेली की दीवारों मिलेंगी शायरियां

गालिब की हवेली की दीवारों पर उर्दू और हिंदी में शायरियां लिखी हुई हैं। इसके अलावा दूसरे फेमस शायरों के चित्र भी यहां मौजूद हैं। इस हवेली में आपको उस्ताद जौक, हकीम मोमिन खां मोमिन और अबू जफर आदि के चित्र देखने को मिलेंगे। इसी कारण हर साल 27 दिसंबर को गालिब के जन्मदिन के मौके पर इस हवेली में मुशायरे का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा इस हवेली में रखी हुई गालिब की मूर्ति का साल 2018 में उद्घाटन किया गया था। गालिब की इस मूर्ति को मशहूर मूर्तिकार रामपूरे ने बनाया है।

### गालिब की हवेली है राष्ट्रीय धरोहर

भारतीय पुरातत्व विभाग ने गालिब की हवेली को धरोहर घोषित कर दिया है। इस हवेली में मौजूद हर चीज और किस्से को सुरक्षित रखा गया है। आप यहां पर गालिब के बारे में दिलचस्प बातों के बारे में भी जान सकते हैं। जैसे उनको शायरी के अलावा क्या शौक था और गालिब को खाने में क्या पसंद था आदि।

### कहां हैं मिर्जा गालिब की हवेली

दिल्ली के चांदनी चौक से सटा इलाका बल्लीमारां की भूलभुलैया जैसी गलियों में एक कासिम जान नामक गली है। उस गली में मस्जिद के पास मिर्जा गालिब की हवेली है। इस हवेली को देखना आपके लिए एक अनोखा अनुभव साबित हो सकता है। सोमवार और सरकारी छुट्टी वाले दिन यह हवेली बंद रहती है। बाकी के समय आप सुबह 11 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक इस हवेली के दीदार के लिए आ सकते हैं। इस हवेली में घूमने के लिए कोई टिकट नहीं लेना पड़ता है।

# बेहद डरावनी हैं दिल्ली की यह खास जगहें

कभी आपके किसी दोस्त ने आपको कोई पैरानॉर्मल कहानी सुनाई हो और आप सब फालतू की बातें सुनकर उन पर हंस दिए हों, तो ऐसा करने वाले आप अकेले नहीं हैं। हम अक्सर उन बातों को नहीं मानना चाहते जिसे हमने खुद देखा या महसूस न किया हो। वहीं, कुछ लोगों के लिए यह बहुत थ्रिलिंग हो सकता है। लेकिन अगर हम कहें कि दिल्ली में ऐसी कई जगह हैं, जहां लोगों ने ऐसी पैरानॉर्मल घटनाओं को महसूस किया है, तो क्या आप इस पर यकीन करेंगे।

### अग्रसेन की बावली

खूबसूरत आर्किटेक्चर की मिसाल इस बावली से कई भूतिया कहानियां भी जुड़ी हुई हैं। तीन मालों में बंटे इस स्टेप वेल के सबसे निचले हिस्से में काले रंग का पानी भरा है, जिसके ऊपर लोहे के रॉड लगे हुए हैं। इसका कारण यह माना जाता है कि कई लोगों ने इस पानी में कूद कर अपनी जान दे दी थी। ऐसा कहा जाता है कि भूतिया शक्तियों के प्रभाव से लोग इस पानी को देखकर हिप्नोटाइज होकर इस पानी में सुसाइड कर लेते थे। इसी कारण से सूरज डूबने के बाद यहां एंट्री मना है। अगर आप भी यहां जाना चाहते हैं तो सुबह 7 से शाम 6 बजे तक यहां घूम सकते हैं। इसका सबसे नजदीकी मेट्रो स्टेशन बाराखम्बा और जनपथ है।



### मलचा महल

जंगलों के बीच मौजूद इस इमारत के बारे में कहानी मशहूर है कि यहां बेगम विलायत और उनके बच्चे रहते थे, लेकिन 1993 में बेगम विलायत ने खुदकुशी कर ली थी और 2017 में बेगम के बेटे प्रिंस रजा मृत मिले थे। जिसके बाद से यह जगह हॉन्टेड जगहों में से एक मानी जाने लगी। ऐसा कहा जाता है कि यहां बेगम विलायत की रूह आज भी भटकती है। धौला कुंआ यहां का सबसे पास मैट्रो स्टेशन है, जहां से ऑटो लेकर आप आसानी से यहां पहुंच सकते हैं।

### भूली भटियारी का महल

सेन्ट्रल रिजर्व फॉरेस्ट में बनी यह इमारत दिल्ली के सबसे भूतिया जगहों में से एक है। मचला महल की तरह ही फिरोज शाह तुगलक ने यह शिकारगाह बनाया था। इस जगह से जुड़ी कई कहानियां सुनने को मिलती हैं, जिनमें से एक है कि भटियारी जाति की एक महिला रास्ता भटक कर यहां आ गई थी, जिसके बाद उसने यहां रहना शुरू कर दिया था और यहीं उसकी मृत्यु हुई थी, जिसके बाद से यहां उसकी आत्मा भटकती है। यहां शाम के बाद जाना मना है। लेकिन दिन के समय आप इस जगह की खूबसूरती का मजा ले सकते हैं। करोल बाग यहां का सबसे सबसे नजदीकी मेट्रो स्टेशन है।

### जमाली कमाली का मकबरा

मेहरौली आर्किओलॉजिकल पार्क में स्थित यह मकबरा मुगल काल के समय की आर्किटेक्चर की बहुत सुंदर मिसाल है। यहां सूफी संत जमालि और उनके शागिर्द कमाली को दफनाया गया था। इस जगह के साथ कहानी मशहूर है कि यहां जिन्न रहते हैं। लोगों ने यहां फुसफुसाने की आवाज और जैसे बगल में कोई खड़ा है ऐसी चीजें महसूस की हैं। इसके सबसे पास ग्रीन पार्क मेट्रो स्टेशन है।

### फिरोज शाह कोटला किला

फिरोज शाह तुगलक द्वारा बनवाया गया यह किला आज दिल्ली के सबसे हॉन्टेड जगहों में से एक है। इस जगह के साथ कहानी जुड़ी है कि यहां जिन्नों का बसेरा है और जो लोग इन बातों पर विश्वास करते हैं, वे यहां आकर जिन्न से अपनी प्रॉब्लम का समाधान मांगने के लिए चिट्ठी छोड़कर जाते हैं। यहां का सबसे नजदीकी मेट्रो स्टेशन दिल्ली गेट है।

# उज्जैन के आसपास हैं ये खूबसूरत जगहें, पर्यटक करें एक्सप्लोर

जब बात घूमने की आती है तो कोई भी व्यक्ति ऐसी जगह जाना चाहता है जहां आध्यात्मिक आनंद लेने का भी मौका मिले और कुछ एडवेंचर का भी लुत्फ़ उठा सकें। महाकाल की नगरी यानी उज्जैन भी कुछ ऐसी ही जगह है। शिप्रा नदी के तट पर स्थित उज्जैन मध्य प्रदेश के सबसे पवित्र शहरों में से एक है। लेकिन इस शहर की खूबसूरती जिस कदर भारत भर में प्रचलित है ठीक उसी तरह शहर के आसपास कुछ ऐसी जगहें हैं जो घूमने के लिहाज से बेहतरीन स्थान है।



## देवास

महाकाल की नगरी के आसपास अगर घूमने के लिए सबसे खूबसूरत कोई जगह है तो देवास उसमें से एक स्थान हो सकता सकता है। प्राकृतिक सुन्दरता से भरपूर इस शहर में घूमने के लिए हर दिन हजारों लोग पहुंचते हैं। देवास में आप कावड़िया हिल्स, मीठा तालाब देवास, शिप्रा बांध, पुष्पगिरी तीर्थ और शंकरगढ़ हिल्स जैसी अन्य कई जगहों पर परिवार, दोस्तों या पार्टनर एक साथ घूमने के लिए जा सकते हैं।


**दूरी :** उज्जैन से लगभग 36 किमी।

## रतलाम

रतलाम मध्य प्रदेश का एक खूबसूरत जिला है। कहा जाता है कि इस खूबसूरत जिले पर किसी समय महाराज रतन सिंह का शासन था। इस शहर में एक खूबसूरत सेलाना पैलेस है और इस पैलेस के बीच में तक़रीबन 200 साल प्राचीन एक गार्डन भी है। रतलाम जिले में आप बांधवगढ़ राष्ट्रीय उद्यान, कैक्टस गार्डन, धोलावाद डैम और हिमालय की तराई क्षेत्र में स्थित खरमौर अभयारण्य भी घूमने के लिए एक बेहतरीन पर्यटक स्थल है।

**दूरी :** उज्जैन से लगभग 103 किमी।

## रालामंडल वाइल्ड लाइफ सैंक्चुरी



रालामंडल वाइल्ड लाइफ सैंक्चुरी एक ऐसी जगह है जहां सिर्फ उज्जैन ही नहीं बल्कि मध्य प्रदेश के अन्य शहर से भी लोग घूमने के लिए पहुंचते हैं। समुद्र तल से लगभग 700 से अधिक मीटर की ऊंचाई पर मौजूद यह सैंक्चुरी कई प्रवासी पक्षियों का घर भी है। अगर आप हरियाली और ठंडी हवा के बीच घूमना चाहते हैं तो फिर आपको यहां ज़रूर जाना चाहिए। इस सैंक्चुरी में घूमने के साथ-साथ आप जीप सफारी का भीलुत्फ़ उठा सकते हैं। यहां आप ट्रैकिंग भी कर सकते हैं। आपको बता दें कि अभ्यारण्य सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक ही खुला रहता है।

**दूरी :** उज्जैन से लगभग 69 किमी।

## जानापाव कुटी

ऊंचे-ऊंचे पहाड़ और हरियाली से घिरा यह स्थान सैलानियों के बीच काफी लोकप्रिय है। जानापाव कुटी को भगवान पशुराम का जन्म स्थान माना है। यह कुटी (पहाड़) कई दुर्लभ औषधीय जड़ी-बूटियों के लिए भी प्रसिद्ध है। जानापाव कुटी की पहाड़ियां चंबल नदी के उद्गम स्थल के रूप में भी लोकप्रिय है। कहा जाता है कि जानापाव कुटी एक नहीं बल्कि कई लुभावने दृश्यों के लिए प्रसिद्ध है। यहां आप ट्रैकिंग का भी लुत्फ़ उठा सकते हैं।

**दूरी :** उज्जैन से लगभग 98 किमी।

अगर आपको यह स्टोरी अच्छी लगी हो तो इसे फेसबुक पर जरूर शेयर करें और इसी तरह के अन्य लेख पढ़ने के लिए जुड़ी रहें आपकी अपनी वेबसाइट हरजिन्दगी के साथ।

# यमुना का जल शेखावाटी के लिए बड़ा तोहफा : बाबूलाल कुलदीप

निसं



**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** भाजपा एससी मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता बाबूलाल कुलदीप ने कहा है कि जिस प्रकार से राजस्थान और हरियाणा की सरकारों ने यमुना जल समझौता हुआ है, उससे साफ जाहिर है कि प्रदेश की भजनलाल सरकार और केंद्र की मोदी सरकार ने एक बार फिर से शेखावाटी की जनता के हित में काफी बड़ी ऐतिहासिक सौगात दी है। कुलदीप ने कहा कि 34 हजार करोड़ की यह योजना आम लोगों को पेयजल किल्लत से राहत दिलायेगी और तीन जिलों की करीब 75 लाख की जनता के लिए यह वरदान साबित होगी। उन्होंने इसके लिए जिले के कद्दावर भाजपा नेता राजेंद्र सिंह राठौड़ के प्रयासों को स्तुतीय बताते हुए कहा कि आज वो शेखावाटी क्षेत्र के लिए भागीरथी प्रयास करने वाले नेता बन गए हैं।

उन्होंने विगत कांग्रेस की सरकारों पर प्रहार करते हुए कहा कि आपणी योजना आने के बावजूद भी जनता को 8-10 दिनों तक पानी नहीं दिए जाने से जनता परेशान होती है और कांग्रेस की हमेशां से ही मानसिकता लोगों को परेशान करने की रही है। लेकिन हरियाणा के हथिनीकुंड बैराज से लेकर चूरू जिले के हंसियावास तक यमुना के पानी को लाने का काम भाजपा की लोक कल्याणकारी सरकार कर रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, केंद्रीय जल मंत्री का भी आभार जताया।

# मंड्रेलिया बने कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की प्रदेश प्रबंधन समिति के सदस्य

सुरेन्द्र शर्मा



**झुंझुनू (नवयत्न)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग की प्रदेश प्रबंधन समिति में इमरान राईन मंड्रेलिया को सदस्य नियुक्त किया गया है। नियुक्ति के बाद उन्होंने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी और प्रदेश अध्यक्ष एमडी चोपदार का आभार जताते हुए इसे संगठन का उन पर विश्वास बताया। मंड्रेलिया ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व ने जो जिम्मेदारी सौंपी है, वह उनके लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि वे पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ इस दायित्व का निर्वहन करेंगे तथा संगठन को मजबूत बनाने और कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने के लिए लगातार कार्य करेंगे। उन्होंने प्रदेश अध्यक्ष एमडी चोपदार सहित पार्टी नेतृत्व का पुनः धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे।

# आंगनबाड़ी महिला कर्मचारी संघ महासंघ एकीकृत में शामिल



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजस्थान आंगनवाड़ी महिला कर्मचारी संघ ने अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ एकीकृत से संबद्धता ग्रहण कर संगठन में शामिल होने की घोषणा की है। संघ की प्रदेशाध्यक्ष शाहिदा बानो ने विभिन्न जिलों की प्रतिनिधियों के साथ महासंघ कार्यालय में प्रमुख महेन्द्र सिंह चौधरी एवं प्रदेशाध्यक्ष राजेन्द्र राणा से मुलाकात कर औपचारिक प्रक्रिया पूरी की। इस अवसर पर महासंघ के संरक्षक सियाराम शर्मा, महामंत्री विपिन शर्मा, दौसा जिलाध्यक्ष एनआर वालोत, प्रवक्ता अशोक भागोती और जयपुर जिलाध्यक्ष केके यादव ने उनका स्वागत किया। शाहिदा बानो ने पिछले 17 दिनों से चल रहे आंगनबाड़ी कर्मियों के आंदोलन को बिना किसी मांग पर स्पष्ट निर्णय के समाप्त किए जाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के दबाव और कुछ बाहरी लोगों के हस्तक्षेप के कारण आंदोलन को समय से पहले खत्म किया गया, जिससे प्रदेशभर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं में आक्रोश है। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही जयपुर में राज्य स्तरीय बैठक आयोजित कर महासंघ के सहयोग से आगे की रणनीति तय की जाएगी। महासंघ प्रमुख महेन्द्र सिंह चौधरी और प्रदेशाध्यक्ष राजेन्द्र राणा ने भरोसा दिलाया कि महासंघ, शाहिदा बानो के नेतृत्व में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के हितों की रक्षा और उनकी मांगों के समाधान के लिए पूरी मजबूती से संघर्ष करेगा। इस दौरान कोटा, झालावाड़, बारां, दौसा सहित विभिन्न जिलों के पदाधिकारी एवं प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# केडिया को दी पुष्पांजलि



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** रतनगढ़ नागरिक परिषद कोलकाता के सचिव समाजसेवी सुरेश केडिया की माताश्री स्व. कस्तूरी देवी केडिया का कोलकाता में आकस्मिक गोलोकवास होने पर उनकी पुण्य स्मृति में उनके निवास पर शोकसभा का आयोजन किया गया। शोकसभा में परिषद के सदस्य वासुदेव सांगानेरिया ने कहा कि केडिया का स्नेह, शालीनता, अपनत्व, धार्मिक आस्था व परोपकार की भावनायुक्त जीवन हम सबके लिए प्रेरणादायी हैं। कार्यक्रम में गिरधारीलाल बाजोरिया, प्रभुदयाल चौधरी, अशोक कुमार चौधरी, लक्ष्मण कंदोई, रामगोपाल चौधरी, ओमप्रकाश तापड़िया, गौरीशंकर जालान, राजकुमार चांदगोठिया, अशोक बाजोरिया, कुलदीप चौधरी, ललित चौधरी, ओम सारस्वत सहित उनके परिवारजन, शुभचिंतक, सामाजिक कार्यकर्ता, परिषद के सदस्य और नगर के गणमान्य जनों ने उपस्थित होकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि देते हुए ईश्वर से दिवंगत अमर आत्मा को शान्ति और अपने श्री चरणों में स्थान देने की प्रार्थना की।

# सीएलजी बैठक आयोजित



कृष्ण कुमार गांधी

**सूरजगढ़ (नवयत्न)।** पुलिस थाने में पुलिस उप अधिक्षक विकास धींधवाल की अध्यक्षता व सीआई राम सिंह यादव के नेतृत्व में सीएलजी बैठक आयोजित की गई।

बैठक के दौरान सीएलजी सदस्यों पूर्व सरपंच वीर सिंह खरड़िया ने बलौदा चौकी पर स्टॉफ लगाने, किढ़वाना सरपंच रामचन्द्र झाझड़िया ने आठ बजे बाद शराब ठेके बंद कराने सहित हरी लकड़ियों की रोकथाम की मांग उठाई।

इस दौरान सदस्यों ने बढ़ते सड़क हादसों की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने की मांग की। बैठक में मौजूद पुलिस की सहायक जीवन ज्योति रक्षा समिति की टीम ने सड़क हादसों के मुख्य कारण रात के समय सड़क पर घुमते आवारा पशुओं की समस्या के समाधान पर चर्चा की। इस मौके पर कृष्ण कुमार सैनी, प्रचार्य डॉ रवि शर्मा, अशोक जांगिड़, सरला पाठशाला संचालिका अनिता पूनियां, पूर्व सरपंच राजकरण भड़िया, रणवीर बरवड़, संतोष कुमावत, अमित बिजारणियां, रहीश कुरैशी, सचिन शेखावत, विजेन्द्र झाझड़िया, अशोक सिंह, लोकेश डुडी, राजेन्द्र सैन, धर्मपाल गांधी, सज्जन वर्मा, सज्जन सैनी, महीपाल सिंह सहित सदस्य मौजूद रहे।

# समसपुर के चचेरे भाई बहन ने नीट परीक्षा में पाई सफलता

हर्ष सोनी





**झुंझुनू (नवयत्न)।** समसपुर गांव के वार्ड नम्बर 2 के दो प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त कर गांव और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सीएमएचओ ऑफिस में कार्यरत प्रमोद चाहर ने बताया कि उसकी बेटी नाईस चाहर ने ऑल इंडिया 3136 वीं रैंक प्राप्त की है साथ उनके भाई प्रदीप चाहर के बेटे आर्यन चौधरी ने ऑल इंडिया 7326 वीं रैंक प्राप्त कर एमबीबीएस के लिए सरकारी कॉलेज में सीट पक्की कर ली। इस सफलता पर दोनों चेहरे भाई बहन का गाँव में स्वागत किया गया। सफल विद्यार्थियों ने अपनी उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, परिवारजनों, गुरुजनों तथा निरंतर मेहनत को दिया। उन्होंने कहा कि नियमित अध्ययन, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से यह सफलता संभव हो सकी। ग्रामीणों एवं गणमान्य नागरिकों ने दोनों विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। दोनों की सफलता से समसपुर गांव में हर्ष का माहौल है तथा अन्य विद्यार्थियों को भी इससे प्रेरणा मिलेगी।

# स्वास्थ्य जागरूकता शिविर आयोजित



नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ (नवयत्न)।** स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 80 से अधिक लोगों ने अपने शरीर का हेल्थ चेकअप एवं बॉडी एनालिसिस करवाकर अपनी वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी प्राप्त की। शिविर में वरिष्ठ हेल्थ कोच उर्मिला सोमरा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए बताया कि स्वस्थ जीवन का आधार केवल दवाइयाँ नहीं बल्कि संतुलित आहार, सकारात्मक सोच, नियमित व्यायाम और अनुशासित जीवनशैली है। उन्होंने दैनिक जीवन में छोटे-छोटे सकारात्मक बदलाव अपनाकर शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के व्यावहारिक सुझाव भी दिए। इस अवसर पर उन लोगों का भी सम्मान किया गया, जिन्होंने स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर अपने स्वास्थ्य में उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। उनकी प्रेरणादायक सफलता की कहानियों ने उपस्थित लोगों को भी अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होकर सकारात्मक कदम उठाने के लिए प्रेरित किया। शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना, नियमित स्वास्थ्य जांच के महत्व को समझाना तथा स्वस्थ और सक्रिय जीवन शैली को समझना था।

# पूर्व नेता प्रतिपक्ष राठौड़ का किया स्वागत एवं अभिनंदन



निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** चौधरी गेस्ट हाउस में अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में अधिकारी-कर्मचारियों ने अपने गृह जिले में स्थानांतरण होने पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ का स्वागत एवं अभिनंदन किया। समारोह को सम्बोधित करते हुए राठौड़ ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लंबे समय से दूरस्थ क्षेत्रों में सेवाएं दे रहे अधिकारी-कर्मचारियों को उनकी पारिवारिक एवं सामाजिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए गृह क्षेत्र अथवा इच्छित स्थान पर कार्य करने का अवसर प्रदान किया गया है। इससे कर्मचारियों में नई ऊर्जा, उत्साह और संतोष का संचार होगा तथा वे अधिक समर्पण के साथ आमजन की सेवा कर सकेंगे। राठौड़ ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार कर्मचारी हितों के प्रति संवेदनशील है और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर सकारात्मक निर्णय ले रही है। राठौड़ ने अतिथियों एवं अधिकारी-कर्मचारियों को पौधे भेंट कर पर्यावरण संरक्षण व नशामुक्ति का संदेश दिया। इस अवसर पर भाजपा नेता राकेश जांगिड़, महावीर पूनिया, जसवंत स्वामी, चन्द्राराम गुरी, नरेश सहारण, अनूप खंडेलवाल, लीलाधर बागोरिया, भंवरलाल पूनिया, विशाल शर्मा, मनोज जोशी, हरि इंदौरिया, सुशील सरावगी, दोलतगिरी गोस्वामी, राजेन्द्र जोइया, त्रिलोक रैगर, शिवसिंह शेखावत, शिवनारायण नाई, राकेश टाक, सीबीईओ बबलेश शर्मा, एक्सईएन राजेश जांगिड़, भागचंद किरोड़ीवाल सहित अनेक कार्यकर्ता, अधिकारी, कर्मचारी तथा लोग मौजूद थे। संचालन वीर बहादुर राठौड़ ने किया।

# लोकदेवता गोगाजी महाराज खेल संगम-2026 उत्साहपूर्वक संपन्न

**तारानगर (नवयत्न)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रेरणा से आदर्श विद्या मंदिर परिसर में रविवार को आयोजित लोकदेवता गोगाजी महाराज खेल संगम-2026 उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में पांच में से चार बस्तियों के 106 खिलाड़ियों ने कबड्डी, खो-खो सहित चार खेल स्पर्धाओं में भाग लेकर खेल कौशल का प्रदर्शन किया। आयोजन में करीब 130 कार्यकर्ताओं, खिलाड़ियों एवं गणमान्य नागरिकों की सहभागिता रही। समापन समारोह में विजेता टीम को 2100 रुपए तथा उपविजेता टीम को 1100 रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी खिलाड़ियों एवं उपस्थितजनों को फल वितरित किए गए। आयोजकों ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रेरणा से आयोजित खेल संगम का उद्देश्य युवाओं में शारीरिक दक्षता, अनुशासन, संगठन भावना, सामाजिक समरसता तथा राष्ट्रभक्ति जैसे संस्कारों को सुदृढ़ करना है। उनका कहना था कि ऐसे आयोजन ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच देने के साथ युवाओं में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# युवाओं ने खेल मैदान में लगाए 101 पौधे

मधु दहिया



**पचेरी (नवयत्न)।** पर्यावरण संरक्षण और गांव को हरा-भरा बनाने के उद्देश्य से पचेरी कलां क्षेत्र के देवलावास गांव में नवयुवक मंडल की ओर से रविवार को खेल मैदान में 101 पौधे लगाए गए।

इस अभियान में मंडल के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए फलदार एवं छायादार विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। नवयुवक मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य युवाओं में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और गांव को हरियाली से समृद्ध बनाना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इसी तरह के पौधरोपण और पर्यावरण संरक्षण से जुड़े कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाएंगे।

ग्रामीणों का कहना है कि इस पहल से खेल मैदान की सुंदरता बढ़ने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिलेगा। गांव के बुजुर्गों ने भी नवयुवक मंडल के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे प्रेरणादायक पहल बताया। पौधरोपण कार्यक्रम के दौरान सरपंच तुलाराम, महेश जांगिड़, प्रदीप नेहरा, सुनील नेहरा, निक्कू बलौदा, हज्जू खान, नितिन चौधरी, संजू बलौदा, चाहत नेहरा सहित नवयुवक मंडल के अनेक सदस्य मौजूद रहे।

# वैदिक अनुष्ठानों के साथ संपन्न हुआ सद्गुरु टेऊँराम महाराज का 140वां जन्मोत्सव

निसं




**जयपुर (नवयत्न)।** सनातन धर्म प्रचारक 1008 आचार्य श्री सद्गुरु स्वामी टेऊँराम महाराज का 140वां जन्मोत्सव पंचदिवसीय चालीहा महोत्सव के समापन के साथ श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मनाया गया। इस दौरान पंचामृत, गौदुग्ध, गंगाजल, औषधियों एवं फलों के रस से 40 मिनट तक दिव्य महाभिषेक किया गया। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच गीता पाठ, बधाई गीत और 140 किलो लड्डू महाप्रसादी का भोग अर्पित किया गया। 9 जून से प्रारंभ हुए 40 दिवसीय महायज्ञ अनुष्ठान का भी विधिवत समापन हुआ। प्रतिदिन 40 मिनट तक चले हवन में 2100 से अधिक दंपत्तियों ने संत-महात्माओं एवं वेदाचार्य पंडित जितेंद्र दाधीच के सान्निध्य में आहुतियां दीं। अनुष्ठान में गोमाता के शुद्ध घी एवं गो-काष्ठ का उपयोग कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। जन्मोत्सव पर 140 दीप प्रज्वलित किए गए तथा 140 किलो लड्डू महाप्रसादी का भोग लगाया गया। शहनाई वादन, बधाई गीत, विशाल भंडारे और धार्मिक आयोजनों में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। कार्यक्रम में 9 ब्राह्मणों एवं 7 संत-महात्माओं की उपस्थिति में वैदिक अनुष्ठान संपन्न हुए। संतों ने सत्संग के दौरान सद्गुरु टेऊँराम महाराज की आध्यात्मिक वाणी को शिक्षा में शामिल करने की आवश्यकता बताते हुए उनके सामाजिक समरसता और विश्वबंधुत्व के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर एवं समाधि स्थल को आकर्षक पुष्प सज्जा से सजाया गया, जहां दर्शन के लिए दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। आयोजकों के अनुसार पंचदिवसीय महोत्सव में लाखों श्रद्धालुओं ने दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। आयोजन समिति ने बताया कि 24 जुलाई को सायंकाल स्वामी टेऊँराम छठी उत्सव मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए जाएंगे तथा प्रसाद वितरण भी होगा।

# स्लीपर बस की लापरवाही बनी मौत का कारण बोलेरो को मारी टक्कर, तीन की मौत, पांच घायल

निसं



**बीकानेर (नवयत्न)।** श्रीडूंगरगढ़ नेशनल हाईवे-11 पर रविवार को कांग्रेस कार्यालय के सामने हुए भीषण सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब एक स्लीपर बस दूसरी बस को ओवरटेक करने के प्रयास में अनियंत्रित होकर बोलेरो से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए। उसमें सवार एक ही परिवार के आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को स्थानीय लोगों, एपीजे अब्दुल कलाम वेलफेयर सोसायटी, आपणो गांव सेवा समिति, 108 एंबुलेंस और निजी एंबुलेंस की मदद से श्रीडूंगरगढ़ उप जिला अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद सभी को पीबीएम ट्रॉमा सेंटर, बीकानेर रैफर किया गया, जहां उपचार के दौरान तीन लोगों की मौत की आधिकारिक पुष्टि हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार परिवार बिग्गा में 22 जुलाई को होने वाले विवाह समारोह में शामिल होने जा रहा था। हादसे में घायल हुए लोगों में दानीराम, विकास, प्रतिज्ञा, आइना, अमिता, मेघा, निधि ; और दो वर्षीय लाडू शामिल थे। इनमें से तीन की उपचार के दौरान मौत हो गई, जबकि पांच घायलों का इलाज जारी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाकर यातायात सुचारु कराया। प्रारंभिक जांच में हादसे का कारण स्लीपर बस चालक द्वारा ओवरटेक के दौरान बरती गई लापरवाही माना जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# नवनियुक्त थानाधिकारी का किया स्वागत

निसं



**जयपुर (नवयत्न)।** झूलेलाल सेवा समिति एवं सिंधी समाज, जयसिंहपुरा खोर के तत्वावधान में पुलिस थाना जयसिंहपुरा खोर में नवनियुक्त थाना अधिकारी रघुवीर का स्वागत एवं अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। समाजसेवी दीपक धामेंजानी ने बताया कि समारोह में समिति के अध्यक्ष कन्हैया लाल पारवाणी, संरक्षक देवीदास चेलानी, सलाहकार दौलत त्रिलोकानी, महासचिव विजय हरलानी, कोषाध्यक्ष प्रेमचंद फुलवानी, उपाध्यक्ष करण अलवानी, कृष्ण कुमार अग्रवाल, महिला मंडल अध्यक्ष निशा शर्मा, कलावती देवी, बरखा गेहानी, देवकी सुगंधानी, लता चुघानी, दीपा सुमनानी, लता थदानी, दीपा जयसिंगानिया, नंदनी धनकानी, मंदिर महंत धर्मेंद्र महाराज, लालपुरी गोस्वामी, सुनील गेहानी, राजू फलूदा सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। इस अवसर पर समाज के लोगों ने थाना अधिकारी रघुवीर का साफा पहनाकर एवं पुष्पमालाओं से स्वागत किया तथा उनके सफल एवं जन सेवा भाव से परिपूर्ण कार्यकाल की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के अंत में समाजसेवी दीपक धामेंजानी ने सभी अतिथियों एवं समाज जनों का आभार व्यक्त किया।

# नीट में आदित्य सोनी का उत्कृष्ट प्रदर्शन



निसं

**झुंझुनू/ बुगाला ( नवयत्न )।** गांव सोलाना तहसील चिड़ावा के आदित्य सोनी पुत्र विजय पाल सोनी ने नीट 2026 परीक्षा में 616 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक 5806 हासिल की है। आदित्य की इस सफलता से परिवार, रिश्तेदारों, मित्रों, शुभचिंतकों तथा पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। आदित्य ने अपनी सफलता का श्रेय अपनी निरंतर मेहनत, अनुशासित दिनचर्या, शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा परिवार के सहयोग को दिया। उन्होंने विशेष रूप से अपने दादा-दादी, ताऊ, चाचा-चाची, मौशी एवं परिवार के अन्य सभी सदस्यों के स्नेह और प्रेरणा को अपनी सफलता का महत्वपूर्ण आधार बताया। सेना में कार्यरत पिता से दूर रहकर भी आदित्य ने परिवार के सहयोग और आत्मविश्वास के बल पर यह उपलब्धि हासिल की। उल्लेखनीय है कि आदित्य के बड़े भाई मनीष सोनी तथा बहन कुमकुम सोनी वर्ष 2024 में नीट परीक्षा उत्तीर्ण कर एमबीबीएस में चयनित हुए थे और वर्तमान में दिल्ली एवं भरतपुर में द्वितीय वर्ष की पढ़ाई कर रहे हैं। परिवार की चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में यह लगातार तीसरी उल्लेखनीय सफलता मानी जा रही है। इस उपलब्धि पर परिजनों, मित्रों, रिश्तेदारों एवं समाज के लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और एक सफल चिकित्सक बनने की शुभकामनाएँ दी हैं।

# जोनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में फ्लोरेटो ने जीते 35 पदक



सुरेन्द्र शर्मा

**सीकर ( नवयत्न )।** जयपुर में आयोजित सीआईएससीई जोनल एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जयपुर-बीकानेर बाईपास स्थित फ्लोरेटो वर्ल्ड स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 35 पदक जीते हैं। फ्लोरेटो ने अंडर-14 व अंडर-17 वर्गों में 15 स्वर्ण, 13 रजत व 7 कांस्य पदक जीतने के साथ ही विजेता की ट्रॉफी भी अपने नाम की है। अंडर-14 वर्ग में रोहित यादव व मोहित ने 4-4 स्वर्ण पदक, प्रियांशु चौधरी ने 3 स्वर्ण व 1 रजत पदक, परम महला ने 1 स्वर्ण, 2 रजत, क्रिस ने 1 रजत व दक्ष मूंड ने 1 कांस्य पदक जीता। इसी प्रकार अंडर-17 में शुभम श्योराण ने 1 स्वर्ण, 2 रजत व 1 कांस्य पदक, धीरज मीणा ने 1 स्वर्ण, 1 रजत व 1 कांस्य पदक, हर्षित ने 1 स्वर्ण व 1 कांस्य पदक, सुनील बेरवाल ने 2 रजत व 1 कांस्य पदक, अभिषेक यादव ने 1 रजत व 1 कांस्य पदक, गर्वित डुडी, प्रियांशु शर्मा व आयुष तीनों ने 1-1 रजत पदक तथा अभिषेक आर्यन ने 1 कांस्य पदक जीता। खिलाड़ियों की शानदार सफलता पर फ्लोरेटो प्रबंध निदेशिका डॉ मिनाली सुण्डा एवं प्रिंसिपल रिंकू शर्मा ने विजेता खिलाड़ियों व अभिभावकों को बधाइयां दी।

# चातुर्मास की तैयारियां परवान पर



निसं

नोखा (नवयत्न)। धर्म नगरी नोखा में परम पूज्य ब्रह्मानंद सरस्वती महाराज, दंडी स्वामी का आषाढ़ शुक्ल पूर्णिमा 29 जुलाई से 20 अक्टूबर 2026 तक आयोजित होने वाले भव्य चातुर्मास व शतमुख कोटि होमात्मक अयुत चण्डी महायज्ञ की तैयारियां परवान पर है। लाहोटी चौक स्थित वीर हनुमान मंदिर के समीपी भव्य पांडाल 80 गुणा 160 फीट का निर्माण लगभग पूर्णता की ओर है। चातुर्मास सत्संग समिति के प्रहलाद मोहता, दामोदर तिवाड़ी, गिरधारी पारीक आदि कार्य की देख रेख में जुटे हुए है। इन्होंने बताया कि कथा व्यास अनन्त विभूषित परम पूज्य दण्डी स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती महाराज वृंदावन निवासी, 20 दण्डी स्वामी संतों के साथ 28 जुलाई की शाम 4 बजे पारीक भवन पर मंगल प्रवेश होगा। जहां पारीक समाज सहित उनका भव्य स्वागत किया जावेगा तत्पश्चात यहां से भव्य कलश यात्रा का आयोजन होगा। गाजे बाजे जसवन्तगढ़ के खास कलाकारों द्वारा रथों पर सजी संजीव झांकिया, सजे धजे ऊँटो, घोड़ियों, दोपहिया वाहनों व एक रंग की साड़ियों में सजी धजी महिलाएं एंव पुरुष कलश यात्रा में शामिल होकर मुख्य बाजार सहित मुख्य-मुख्य मार्गों से होती हुई कलश यात्रा कथा स्थल अयोध्या धाम लाहोटी चौक पहुंचेगी वहां प्रसाद वितरण होगा। अगले दिन 29 जुलाई को कथा प्रारंभ होगी। सांय 3 से 4 बजे भजन किर्तन व 4 बजे से सांय 6 बजे तक चातुर्मास कथा होगी। संतसंग समीति के इन्द्रचन्द ?मोदी ने बताया कि संत महात्माओं का आवास संत निवास माहेश्वरी भवन में होगा। कार्यक्रम का प्रचार-प्रसार कार्ड वितरण आदि कार्य जारी है।

# सड़क हादसे में दो घायल

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** ट्रैक्टर ट्रॉली और मोटरसाइकिल भिड़ंत में दो लोग घायल हो गए। दोपहर बाद सालासर रोड पर स्थित लोडसर गांव में ट्रैक्टर ट्रॉली और मोटरसाइकिल की जबरदस्त भिड़ंत मे मोटरसाइकिल सवार दो युवक गंभीर घायल हो गए। उधर से गुजर रहे सुजानगढ़ सदर थानाधिकारी मुकुट बिहारी मीणा, उप निरीक्षक गीता रानी ने घायलों की मदद करते हुए पुलिस की गाड़ी से घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया। टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, एम्बुलेंस चालक भरत, मनोज आदि ने इमरजेंसी में भर्ती कराकर इलाज शुरू कराया।

# रेलवे जंक्शन की मांग मनवाने के लिए धूमधाम से मनाया रेलमंत्री का बर्थडे

संजय सोनी




**झुंझुनू ( नवयत्न )।** शेखावाटी रेल विकास संघर्ष समिति द्वारा चलाए जा रहे झुंझुनू मांगे रेलवे जंक्शन जन संघर्ष अभियान के अंतर्गत झुंझुनू रेलवे स्टेशन पर समारोह का आयोजन कर रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया। अतिथियों ने केक काटा तो लाऊड स्पीकर पर हैप्पी बर्थडे टू यू का गाना बजा। समारोह में उपस्थित सभी ने उम्मीद जताई कि रेल मंत्री यात्रियों की मांगों पर गौर करेंगे और झुंझुनू को रेलवे जंक्शन की सौगात के साथ-साथ रेल सुविधाएं बढ़ायेंगे। शेखावाटी रेल विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित समारोह की अध्यक्षता दरगाह हजरत कमरुद्दीन शाह के गद्दीनशीन ऐजाज नबी ने की जबकि मुख्य अतिथि अग्रवाल समाज समिति के अध्यक्ष गणेश कुमार हलवाई थे। भारतीय मानवाधिकार परिषद् के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मनोज सिंह टीकेएन, झुझार सिंह सेवा संस्थान के अध्यक्ष सुरेश कुमार जाखड़, भारत विकास परिषद् के अध्यक्ष सीए जिम्मी मोदी, पूर्व स्टेशन अधीक्षक अनवर हुसैन, स्टेशन प्रबंधक संजीव कुमार, नगर परिषद के पूर्व सभापति खालिद हुसैन, श्री सैनी समाज उत्थान समिति के अध्यक्ष छगनलाल धूपिया एवं नगर पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष पवन पुजारी समारोह के विशिष्ट अतिथि थे। समिति के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ द्वारा मंचस्थ अतिथियों का माल्यार्पण से स्वागत किया गया। कार्यक्रम संचालिका डॉ भावना शर्मा का चुनड़ी ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट करके सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ भावना शर्मा ने किया। शेखावाटी रेल विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल ने स्वागत भाषण दिया और समिति की गतिविधियों से अवगत करवाते हुए जिले के विभिन्न राजनैतिक दलों के जनप्रतिनिधियों पर यात्रियों की रेलवे मांगों की अनदेखी करने पर नाराजगी व्यक्त की। समारोह में समिति के महासचिव डॉ मनोज सिंह टीकेएन को भारतीय मानवाधिकार परिषद् का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर समिति की ओर से मंचस्थ अतिथियों द्वारा साफा पहनाकर, शॉल ओढ़ाकर, माल्यार्पण करके एवं श्रीफल व प्रतीक चिह्न भेंट करके अभिनन्दन किया गया। समिति की ओर से स्टेशन प्रबंधक संजीव कुमार का माल्यार्पण एवं प्रतीक चिह्न भेंट करके सम्मान किया गया। समिति ने स्टेशन के स्वच्छता प्रहरी राजकुमार वाल्मीकि का शॉल ओढ़ाकर एवं प्रतीक चिन्ह भेंट करके सम्मान किया गया। समिति ने राजकीय रेलवे पुलिस एवं रेलवे सुरक्षा बल के अधिकारियों एवं पुलिस कर्मियों का भी माल्यार्पण द्वारा स्वागत किया गया। सिंगर जाकीर अब्बासी ने रेलवे जंक्शन की मांग पर आधारित संगीतमय गीत की प्रस्तुति दी। समारोह अध्यक्ष ऐजाज नबी, मुख्य अतिथि गणेश कुमार हलवाई, विशिष्ट अतिथि अनवर हुसैन, सीए जिम्मी मोदी, खालिद हुसैन एवं चन्द्रप्रकाश धूपिया ने अपने विचार किये। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बाबू भाई अली हसन परवेज,, संजय बिलोटिया, कमल डालमिया, सुरेन्द्र अग्रवाल, चन्द्रप्रकाश धूपिया, कैलाशदान बारेठ, रिषी सोनी, नरोत्तमलाल आर्य, रघुनाथ प्रसाद पोद्दार, विनोद खन्ना, अनिल शर्मा, प्रमोद टीबड़ा, फैयाज अहमद खान, सिंगर जाकीर अब्बासी, शारिक खान, इकबाल खान, श्रवण कुमार गोयनका, मनीष बगड़िया, रवि तुलस्यान, शिवचरण पुरोहित, हजारीलाल छापौला, भंवरलाल चौधरी, महेन्द्र सिंह चौधरी, मोहनलाल पुरोहित, विजय कुमार सैनी, बंटी सोनी, प्रमोद केडिया, भोपाल सिंह पटवारी, अम्मीलाल सुंडा, राजकुमार वाल्मीकि, अशोक अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य नागरिक, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

# डायलिसिस मशीन की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

निसं




**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दांता में डायलिसिस मशीन की सुविधा की मांग को लेकर भाजपा विधायक प्रत्याशी गजानंद कुमावत को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से अवगत करवाया गया कि विधानसभा दांतारामगढ़ का सबसे बडा राजकीय अस्पताल दांता सीएचसी है जिसमें डायलिसिस सेंटर की सुविधा उपलब्ध नहीं है जबकि दांता सीएचसी के आसपास डायलिसिस के लगभग 25-30 मरीज डायलिसिस करवाने सीकर, चौमूं या फिर जयपुर जाते है जिनको आर्थिक नुकसान के साथ-साथ समय का नुकसान भी उठाना पड़ता है और डायलिसिस बीमारी से ग्रसित मरीज को 50 से 100 किलोमीटर का सफर करना बड़ा मुश्किल हो जाता है। गौरतलब है कि दिनांक 14 मई 2026 को जिला कलेक्टर आशीष मोदी ने दांता के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डायलिसिस सेंटर खोलने के निर्देश जारी किए थे। डायलिसिस सेंटर खोलने की मांग रखते ही जिला कलेक्टर ने मौके पर सीएमएचओ को इस बारे में कार्रवाई करने के आदेश दिए थे। जिला कलेक्टर आशीष मोदी गुरुवार को कल्याण आरोग्य सदन सांवली में एक कार्यक्रम में पधारे थे। डायलिसिस सेंटर के निरीक्षण के दौरान वही डायलिसिस करवा रहे दांतारामगढ क्षेत्र के डायलिसिस मरीजों ने जिला कलेक्टर से दांता के राजकीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डायलिसिस केंद्र खुलवाने की मांग रखी। मरीजों ने बताया कि दांतारामगढ़ व आसपास के गरीब 25-30 डायलिसिस पेशेंटो को सीकर, चौमूं, जयपुर डायलिसिस करवाने जाना पड़ता है। डायलिसिस पेशेंटों ने बताया कि एक तरफ वे डायलिसिस के रोग से परेशान है। उन्होंने बताया डायलिसिस करवाना जितना उनके लिए मुश्किल नहीं है उससे ज्यादा परेशानी 50-100 किलोमीटर का सफर करना है। सप्ताह में दो दिन उनके लिए आना-जाना परेशानी भरा होता है।

जिला कलेक्टर ने डायलिसिस मरीजों की पीड़ा को समझते हुए मौके पर ही मौजूद जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अशोक महरिया को इस संबंध में शीघ्र कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए थे। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने विधायक प्रत्याशी गजानंद कुमावत को बताया कि सीएचसी दांता को उप जिला अस्पताल में क्रमोन्नत कराने के समर्थन में दांता एवं आसपास के गांवों में व्यापक हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है जिसमें आमजन का अच्छा सहयोग मिल रहा है।

ज्ञापन प्राप्त करने के बाद गजानंद कुमावत ने कहा कि वे इस मांग की गंभीरता को समझते हैं तथा इस संबंध में पहले ही मुख्यमंत्री एवं प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री को सीएचसी दांता को उप जिला अस्पताल में क्रमोन्नत करने के लिए पत्र लिख चुके हैं। उन्होंने क्षेत्र की स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सीएचसी दांता में शीघ्र डायलिसिस मशीन स्थापित करने तथा अस्पताल को उप जिला अस्पताल में क्रमोन्नत करने की मांग दोहराई। इस अवसर पर नगरपालिका दांता के पूर्व उपाध्यक्ष कैलाश चंद कुमावत, दुर्गेश कुमावत, महावीर कुमावत, छीतरमल कुम्हार, कानाराम, पवन कुमार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# गुरु पूर्णिमा पर बुगाला से निकलेगी बागेश्वर धाम दर्शन यात्रा

**बुगाला ( नवयत्न )।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर श्रद्धालुओं के लिए बागेश्वर धाम दर्शन यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा 22 जुलाई को प्रातः 10 बजे ग्राम बुगाला गौशाला से रवाना होगी। यात्रा का गंतव्य मध्यप्रदेश के छतरपुर स्थित बागेश्वर धाम रहेगा, जहां श्रद्धालु बालाजी के दर्शन एवं धार्मिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। विजयपाल सिंह ने बताया कि यात्रा के लिए आरामदायक वाहन की व्यवस्था की गई है तथा श्रद्धालुओं से समय पर निर्धारित स्थान पर पहुंचने का आग्रह किया गया है। यात्रा में शामिल होने के इच्छुक श्रद्धालु अपना पंजीकरण करवा सकते हैं। आयोजकों ने क्षेत्र के धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में यात्रा में शामिल होकर गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर को भक्तिभाव और श्रद्धा के साथ मनाने की अपील की है।

# 10 वर्षों बाद मिला बिछड़ा भाई, सोशल मीडिया बना परिवार मिलन का सेतु

निसं




**नोखा ( नवयत्न )।** अपना घर आश्रम नोखा में सेवा, समर्पण और मानवता का एक और भावुक एवं प्रेरणादायक प्रसंग सामने आया। वर्ष 2016 में बोलने में असमर्थ प्रभुजी अरविंद अपना घर आश्रम नोखा पहुँचे थे। उनके बोलने में असमर्थ होने के कारण उनकी पहचान करना तथा उनके परिजनों तक पहुँचना अत्यंत कठिन था। इसके बावजूद आश्रम परिवार ने धैर्य, समर्पण और निरंतर प्रयासों के साथ वर्षों तक उनकी पहचान और परिवार की खोज जारी रखी। हाल ही में अपना घर आश्रम नोखा द्वारा प्रभुजी अरविंद गोड का एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया, विशेष रूप से इंस्टाग्राम पर साझा किया गया।

यह वीडियो आशा की किरण बनकर उनके परिवार तक पहुँचा। वीडियो देखने के बाद प्रभुजी के बड़े भाई अरुण कुमार, बहन तथा बहनोई राजेंद्र कुमार तुरंत अपना घर आश्रम नोखा पहुँचे। लगभग 10 वर्षों बाद अपने बिछड़े भाई से मिलते ही पूरा परिवार भावुक हो उठा। भाई-भाई का यह मिलन वहाँ उपस्थित सभी लोगों की आँखें नम कर गया। मिलन के दौरान प्रभुजी के भाई ने भावुक होकर कहा हमने अपने भाई को खोजने के लिए दिन-रात प्रयास किए। हर संभव स्थान पर तलाश की लेकिन जब सभी उम्मीदें समाप्त हो गई, तब भी भगवान ने हमें यह दिन दिखाया।

आज ऐसा लग रहा है मानो हमारा भाई हमें दोबारा मिल गया हो। हमारे पास अपना घर परिवार का धन्यवाद करने के लिए शब्द नहीं हैं। आपने हमारे परिवार को नया जीवन और वर्षों पुरानी खुशियाँ लौटा दी हैं। प्रभुजी के परिजनों ने अपना घर आश्रम नोखा के सेवाभावी कार्यों की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए पूरी टीम का हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आश्रम ने केवल एक असहाय व्यक्ति की सेवा ही नहीं की बल्कि वर्षों से बिछड़े परिवार को पुनः मिलाकर मानवता की अद्भुत मिसाल प्रस्तुत की है। इस अवसर पर अपना घर आश्रम नोखा के सचिव सतीश कुमार झंवर ने कहा अपना घर केवल सेवा का केंद्र नहीं बल्कि बिछड़े परिवारों को पुनः मिलाने का एक पवित्र अभियान है। यहाँ आने वाले प्रत्येक प्रभुजन की पूरे समर्पण और आत्मीयता के साथ सेवा की जाती है। हमारा अंतिम लक्ष्य केवल उनकी देखभाल करना नहीं बल्कि उन्हें उनके अपने परिवार तक सकुशल पहुँचाना है। इसके लिए हमारी समर्पित टीम निरंतर पहचान, खोज और परिवार मिलन के कार्य में लगी रहती है। परमपिता परमेश्वर की असीम कृपा से आज हमें एक और बिछड़े परिवार को मिलाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। यही अपना घर परिवार की सेवा का वास्तविक उद्देश्य और सबसे बड़ी उपलब्धि है। यह सफल परिवार मिलन सेवा, संवेदनशीलता, समर्पण और सोशल मीडिया के सकारात्मक उपयोग का एक प्रेरणादायक उदाहरण है। अपना घर आश्रम नोखा निराश्रित, असहाय एवं मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रभुजनों की सेवा के साथ-साथ उन्हें उनके परिवारों से पुनः मिलाने का कार्य निरंतर कर रहा है। परमपिता परमेश्वर की कृपा और सेवा साथियों के अथक प्रयासों से एक और परिवार की वर्षों पुरानी खुशियाँ लौट सकी।

# जयपुर में सजा लिबास फैशन वीक का रंगारंग मंच

## उभरते डिजाइनर्स और मॉडल्स ने बिखेरा जलवा



निसं

**जयपुर ( नवयत्न )।** गुलाबी नगरी जयपुर में फैशन, ग्लैमर और रचनात्मकता का शानदार संगम देखने को मिला। शहर में आयोजित लिबास फैशन वीक रनवे शो में देशभर से आए उभरते डिजाइनर्स, मॉडल्स और कलाकारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का आयोजन एनके फिल्म्स एंड इवेंट्स की ओर से किया गया। आयोजक नेहा विजय ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य देशभर के नए और उभरते टैलेंट को राष्ट्रीय स्तर का मंच उपलब्ध कराना तथा युवा डिजाइनर्स को अपनी रचनात्मकता प्रदर्शित करने का अवसर देना है। रैंप पर देश के विभिन्न हिस्सों से आए डिजाइनर्स ने अपने नवीनतम कलेक्शन प्रस्तुत किए। मॉडल्स ने पारंपरिक और आधुनिक परिधानों की आकर्षक प्रस्तुति देकर दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। शो में महेश लेबल बाय केसरिया इको, सुनीता शेखावत शगुन, नसीम नक्शी बाय नसीम, सचिन गर्ग अर्बन रिलिजन, सोनम मिश्रा, हिमानी भारद्वाज, विनायक चौधरी और किरण सहित कई डिजाइनर्स ने अपनी डिजाइनिंग का हुनर दिखाया। इस कार्यक्रम का संचालन एंकर प्रीत भंडारी ने किया जबकि रैंप शो की कोरियोग्राफी मोहम्मद मुस्लिम और कुलदीप बिश्नोई ने संभाली। इस अवसर पर अभिनेता अकबर खान ने युवाओं के लिए अभिनय के क्षेत्र में नए अवसर उपलब्ध कराने की घोषणा करते हुए कहा कि प्रतिभाशाली कलाकारों को भविष्य में बड़े प्रोजेक्ट्स से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। इस कार्यक्रम का शुभारंभ सफारी ग्रुप के डायरेक्टर प्रमोद गोयल, अनिल पाल सिंह, पवन गोयल, नेहा विजय, अकबर खान, आबिद खान, बृजेश पाठक और सोना साहू ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस समारोह में आईपीएस संदीप सिंह चौहान, जेजे कश्यप, निशा वर्मा सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। अभिनेता एवं निर्देशक आबिद खान मुख्य सेलिब्रिटी अतिथि के रूप में शामिल हुए। वहीं सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर गोपाल कुम्हार, रितु कांवट, रूपल शर्मा, चेतना शर्मा, मुकुल भल्ला सहित अनेक डिजिटल क्रिएटर्स ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मुंबई से आए प्रसिद्ध कोरियोग्राफर शाकिर, कोमल पारीक, प्रेम मंडल, रवि धनका, मॉडल सुमन कुमावत और नैना कुमारी भी आयोजन का हिस्सा बने। निर्णायक मंडल में मिस इंडिया ग्लोबल 2024 विजेता अंजिला स्वामी शामिल रही जबकि ओजस्वी शंकर को लिबास फैशन वीक का ब्रांड एंबेसडर घोषित किया गया। इस समापन समारोह में अतिथियों ने आयोजन की भव्यता और सुव्यवस्थित प्रबंधन की सराहना करते हुए इसे फैशन जगत में उभरती प्रतिभाओं को पहचान दिलाने वाला महत्वपूर्ण मंच बताया। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से नए कलाकारों और डिजाइनर्स को प्रोत्साहित करने का संकल्प व्यक्त किया।


# नीट सफल बिटिया भूमि जोशी का किया सम्मान



निसं

**मण्डावा ( नवयत्न )।** मण्डावा स्थित राधिका होटल में रविवार को नीट-यूजी परीक्षा में सफल हुई छात्रा भूमि जोशी का सम्मान किया गया। शहर के संभ्रात नागरिकों की ओर से कार्यक्रम आयोजित कर भूमि जोशी को सम्मानित किया। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी उपस्थित होकर छात्रों को शुभकामनाएं दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। जोशी ने अपनी सफलता का श्रेय कड़ी मेहनत, अनुशासन और परिवार के सहयोग को दिया। उन्होंने अपनी मां के संघर्ष और हौसले को अपनी प्रेरणा का मुख्य स्रोत बताया और अपनी सफलता का श्रेय मां, भाई तथा शिक्षकों को दिया। भूमि जोशी ने भविष्य में गरीब, असहाय, बुजुर्ग और दिव्यांग व्यक्तियों की सेवा करने की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और गुरुजनों को दिया। उन्होंने अपनी सफलता का मंत्र साझा किया। उन्होंने बताया कि नियमित पढ़ाई, प्रभावी समय प्रबंधन और निरंतर अभ्यास उनकी कामयाबी की मुख्य वजह रहे। उन्होंने इस उपलब्धि के लिए परिवार और शिक्षकों के सहयोग को महत्वपूर्ण बताया। भूमि जोशी ने उन अभ्यर्थियों को भी संदेश दिया जो इस बार नीट परीक्षा में सफल नहीं हो पाए। उन्होंने कहा कि निराश होने के बजाय लगातार मेहनत और सही दिशा में प्रयास करते रहना चाहिए क्योंकि सफलता निश्चित रूप से मिलेगी। कार्यक्रम में भाजपा नेता संदीप शर्मा, मण्डल अध्यक्ष मोहनलाल सैनी, कैलाश पीपलवा, सत्यनारायण शर्मा, नारायण कुमावत, गोविन्दराम जोशी, श्रीकांत जोशी, अलोक शर्मा व बबलू भाया सहित अनेक उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अतिथियों ने भूमि जोशी का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा कि जोशी की उपलब्धि जिले के अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।

# ईओ चैंबर को आधुनिक सुविधा युक्त बनाया



**बिसाऊ ( नवयत्न )।** नगर पालिका में ईओ के चैंबर को डेढ़ लाख की लागत से आधुनिक सुविधा युक्त बनाया है। पालिका में इन दिनों भवन के बरामदे व मीटिंग हाल आदि का मरम्मत व पुनः निर्माण कार्य चल रहे है। इसमें ईओ के चैंबर की भी कायापलट हो गई। ईओ सीताराम कुमावत के अनुसार जब उन्होंने कार्यभार संभाला तब चैंबर अव्यस्थित तरीके से पड़ा था अब उसको एक अधिकारी के चैंबर का आधुनिक रूप देते हुए उसमें भारत सरकार का राष्ट्रीय चिह्न अशोक स्तंभ, बड़ी टेबल, सोफा, कमरे की छत की पीओपी, दीवार पर टाइल्स वगैरह लगाकर आधुनिक रूप दिया गया।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190